राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in

# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 245
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
बुधवार 30 जुलाई 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236



मुख्य अपडेट
पेज 3 अधूरे नोएडा इंटरनेशनल गोल्फ कोर्स को पूरा करेगी दूसरी कंपनी
पेज 4 जमीन विवाद में हिस्ट्रीशीटर की हत्या
पेज 6 इंग्लैंड में जिस तरह की क्रिकेट खेली, वह गर्व की बात : गौतम

## संक्षिप्त खबरें

### गुरुग्राम के सीए ने दिल्ली के फ्लैट में सुसाइड किया

**गुरुग्राम।** हरियाणा के गुरुग्राम की एक कंपनी में काम करने वाले चार्टर्ड अकाउंटेंट ने मुंह में हीलियम गैस भरकर सुसाइड कर लिया। वह दिल्ली के बाराखंबा स्थित फ्लैट में मृत पाया गया। सीए की पहचान करनाल के सालवन गांव के रहने वाले धीरज (25) कंसल के रूप में हुई है। उसके पिता की 2023 में मौत हो गई थी। इसके बाद मां ने दूसरी शादी कर ली। वह इकलौता बेटा था। पुलिस के अनुसार, धीरज गुरुग्राम के पास दिल्ली के महिपालपुर में पीजी में रहता था। उसने 20 से 28 जुलाई तक दिल्ली में एक फ्लैट बुक किया था। उसी फ्लैट में उसने 27 जुलाई को आत्महत्या कर ली। धीरज की लाश बिस्तर पर पड़ी थी।

### गुरुग्राम में राजस्थान का मोस्ट वांटेड श्रवण एनकाउंटर में दबोचा

**गुरुग्राम।** हरियाणा के गुरुग्राम में क्राइम ब्रांच और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। यह मुठभेड़ वजीरपुर गांव के पास हुई, जब पुलिस को सूचना मिली कि कुख्यात बदमाश श्रवण वहां छिपा है। इसके बाद पुलिस ने इलाके की घेराबंदी की। जैसे ही पुलिस ने बदमाशों को पकड़ने की कोशिश की, उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी मोर्चा खोला तो एक बदमाश श्रवण के पैर में गोली लग गई। वह घायल होकर गिर पड़ा, जिस पर पुलिस टीम ने उसे दबोचा दिया। इसके बाद श्रवण के दो साथियों को भी घेरकर गिरफ्तार कर लिया।

# हिमाचल में बादल फटा

## घरों में घुसा मलबा, एमपी में भोपाल समेत 34 जिलों में भारी बारिश; राजस्थान के 15 जिलों में स्कूल बंद



**नई दिल्ली।** देशभर में बारिश के कारण जन-जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग ने मंगलवार को हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, बिहार के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। एमपी में भोपाल 34 जिलों में भारी बारिश हो रही है।
हिमाचल प्रदेश के मंडी में सोमवार देर रात बादल फटा। अब तक 3 लोगों की मौत हो गई और 2 लापता हैं। 15 से ज्यादा लोगों को रेस्क्यू किया गया। चंडीगढ़-मनाली और मंडी-जोगेंद्रनगर फोरलेन बंद हो गया है। भूस्खलन और पानी के तेज बहाव से कई घरों में मलबा घुस गया।
राजस्थान में भारी बारिश से कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं। चित्तौड़गढ़, झालावाड़, कोटा, पाली और सिरोही में घरों तक में पानी घुस गया है। टोंक-चित्तौड़गढ़ में बारिश से हुए हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। भीलवाड़ा के बिजौलिया इलाके में सड़कों पर नाव चल रही है। बाढ़ में फंसे लोगों को एसडीआरएफ की टीम रेस्क्यू कर रही है। आज राज्य के 27 जिलों में बारिश का अलर्ट है। इसके चलते 15 जिलों में स्कूलों की छुट्टी कर दी है।

### दिल्ली के सिविल लाइंस में दीवार गिरने से मां-बेटे की मौत

दिल्ली में भारी बारिश के बाद सिविल लाइंस इलाके में मंगलवार को दीवार गिरने से मां-बेटे की मौत हो गई। 2 लोग घायल हैं। भारी बारिश के कारण दिल्ली-एनसीआर की कई सड़कें जलमग्न हो गई। इससे यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ।

### गुरुग्राम-दिल्ली एक्सप्रेसवे पर 5 किमी लंबा जाम

हरियाणा के पानीपत, अंबाला, फरीदाबाद और पंचकूला में मंगलवार सुबह से तेज बारिश हो रही है। गुरुग्राम में भारी बारिश की वजह से गुरुग्राम-दिल्ली एक्सप्रेसवे पर दिल्ली बॉर्डर पर 5 किलोमीटर लंबा जाम लग गया। इसी तरह, अंबाला में दिल्ली-अमृतसर हाईवे पर वाहनों की गति धीमी हो गई।

### मध्य प्रदेश के रायसेन में घरों में पानी घुसा, 3 फीट तक जलभराव

मध्य प्रदेश के रायसेन में पिछले 24 घंटे से भारी बारिश जारी है। इससे शहरी इलाकों के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में भी पानी भर गया है। सड़कों पर तीन फीट तक जलभराव है। घरों में रखे सामान पानी में डूब गए हैं। बाढ़ प्रभावित इलाकों में एसडीआरएफ की टीमों को तैनात किया गया है।

## हिसार एयरपोर्ट का कटेगा बिजली कनेक्शन

**हिसार।** हरियाणा के इकलौते महाराजा अग्रसेन हिसार एयरपोर्ट का बिजली कनेक्शन कट सकता है। दरअसल, एयरपोर्ट अथॉरिटी ने इसकी शुरुआत से लेकर अभी तक बिजली का बिल नहीं भरा है। इस पर करीब 94.43 लाख रुपए का बिजली बिल बकाया हो गया है। इसी वजह से हिसार के बड़े डिफाल्टरों की लिस्ट में एयरपोर्ट का नाम सबसे ऊपर आ चुका है। एयरपोर्ट पर बिजली निगम ने अपना अलग से बिजली घर बनाया हुआ है, ताकि निर्बाध रूप से यहां बिजली मिलती रहे। मगर, एयरपोर्ट अथॉरिटी ने समय पर बिल भरने की बजाय लाखों की पेंडेंसी कर दी है। हर माह यहां करीब 13 लाख रुपए औसतन बिजली का बिल आता है। हैरानी की बात यह है कि जब पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम नायब सैनी ने इसका उद्घाटन किया था तो भी बिल पेंडिंग पड़ा हुआ था। इस बारे में हिसार बिजली निगम के एसडीओ सिटी मुकेश रोहिल्ला का कहना है कि बिल नहीं भरने वाले डिफाल्टरों का कनेक्शन काटा जाएगा।

## यूपी में वकीलों ने आईएएस अफसर से लगवाई उठक-बैठक

### खुले में टॉयलेट करने पर मुंशी को दी थी सजा, विरोध में वकीलों ने घेरा



पुवायां (शाहजहांपुर)। शाहजहांपुर में आईएएस अफसर रिंकू सिंह राही से वकीलों ने कान पकड़कर उठक-बैठक लगवाई। इसका वीडियो सामने आया है।मंगलवार दोपहर में उन्होंने एक वकील के मुंशी को खुले में टॉयलेट करते देख लिया और उससे उठक-बैठक लगवाई। इससे वकील नाराज हो गए और उन्होंने प्रदर्शन शुरू कर दिया। इसके बाद उठक-बैठक लगवाई। आईएएस रिंकू सिंह उठक बैठक लगाने से पहले बोले- मैं खुद भी बाहर टॉयलेट नहीं करूंगा। मैं जनेऊधारी हूं।
रिंकू सिंह राही मथुरा में जॉइंट मजिस्ट्रेट थे। वहां से ट्रांसफर होकर उन्होंने आज ही पुवायां स्ष्ठरूका चार्ज संभाला था।
रिंकू सिंह राही 2022 बैच के आईएएस अफसर हैं। बसपा शासन में 26 मार्च, 2009 को उन पर फायरिंग हुई थी। सात गोलियां लगीं, जिनमें से दो उनके चेहरे पर लगी थीं। जिससे चेहरा बिगड़ गया था। एक कान खराब हो गया और एक आंख की रोशनी चली गई।

### वकीलों ने उठक-बैठक लगाने से रोका, लेकिन नहीं माने

वकीलों ने एसडीएम को उठक-बैठक लगाने से रोकने की कोशिश की। लेकिन, एसडीएम नहीं माने। उन्होंने पांच बार उठक-बैठक लगाई। एसडीएम ने यह भी कहा कि तहसील परिसर में साफ-सफाई और शौचालय की व्यवस्था उनकी जिम्मेदारी है। उन्होंने इसमें सुधार करने का आश्वासन दिया।

# डीजीसीए ऑडिट में एअर इंडिया से जुड़ी 100 गड़बड़ियां मिलीं

### इनमें 7 बेहद गंभीर जोखिम की, एयरलाइन ने नतीजे स्वीकारे बोली- तय समय में जवाब देंगे



**नई दिल्ली।** विमानों की सुरक्षा देखने वाली संस्था नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने टाटा समूह की एयरलाइन एअर इंडिया में कई बड़ी खामियां पकड़ी हैं।
इनमें पायलटों और केबिन क्रू की ट्रेनिंग, उनके आराम और ड्यूटी के नियम और उड़ान भरने-उतरने से जुड़े मानकों में करीब 100 तरह की गड़बड़ियां शामिल हैं।
सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि इनमें से सात गड़बड़ियां लेवल-1 की हैं। ये सबसे गंभीर सुरक्षा जोखिम की मानी जाती हैं और एयरलाइन को इन पर तुरंत ठीक करने की कार्रवाई करनी होती है।
एअर इंडिया ने एक बयान में इन ऑडिट नतीजों को स्वीकार किया है और कहा है कि वे तय समय के अंदर डीजीसीए को अपना जवाब देंगे।

### 4 कारण बताओ नोटिस भेज चुका है डीजीसीए

एअर इंडिया के गुरुग्राम में बने मुख्य सेंटर पर 1 से 4 जुलाई तक एक विस्तृत ऑडिट हुआ था। इसमें फ्लाइट ऑपरेशन, शेड्यूल बनाने, रोस्टरिंग और कई दूसरे पहलुओं की जांच की गई थी।
डीजीसीए ने 23 जुलाई को एअर इंडिया को चार कारण बताओ नोटिस भेजे थे। ये केबिन क्रू के आराम और ड्यूटी नियमों, ट्रेनिंग रूल्स, और ऑपरेशनल प्रोसीजर के उल्लंघन को लेकर थे।

# देवघर में बस-ट्रक भिड़े, 5 कांवड़ियों समेत 6 की मौत

## इनमें 4 बिहार के; ड्राइवर सीट समेत सड़क पर गिरा, 100 मीटर बिना ड्राइवर के बिना चली बस

**देवघर / दुमका।** देवघर में बस और ट्रक के बीच टक्कर में 5 कांवड़ियों समेत 6 की मौत हो गई। 24 कांवड़िए घायल हुए हैं, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है।
हादसा मंगलवार सुबह 5 बजे देवघर के मोहनपुर प्रखंड के जमुनिया चौक के पास नावापुरा गांव में हुआ। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस का आधा हिस्सा पूरी तरह से धंस गया। कांवड़ियों के झोले और सामान बस में लटके दिख रहे हैं।
हादसे में बस का ड्राइवर सीट समेत नीचे गिर गया। 100 मीटर तक बस बिना ड्राइवर के चली।
देवघर डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने बताया- सुबह लगभग 05:30 बजे मोहनपुर प्रखंड के जमुनिया चौक के पास बस हादसा हुआ है। इसमें 6 लोगों की मौत हुई है। 24 लोग घायल हैं। 8 घायलों का एम्स में इलाज चल रहा है। बाकी लोग सदर अस्पताल में भर्ती हैं। हालांकि गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर 18 लोगों की मौत की जानकारी दी थी। न्यूज एजेंसी ने भी सांसद के हवाले से 18 लोगों की मौत की बात कही थी।




### मृतकों में 4 बिहार के रहने वाले

40 कांवड़ियों से भरी बस देवघर से बासुकीनाथ जा रही थी। देवघर से 18 किमी पहले बस सामने से आ रहे सिलेंडर लदे ट्रक से टकरा गई।
पुलिस के मुताबिक, बस ड्राइवर को झपकी आ जाने के कारण हादसा हुआ। टक्कर के बाद ड्राइवर सीट समेत सड़क पर गिर गया, उसकी मौके पर ही मौत हो गई। साथ ही 3 महिला कांवड़ियों की घटनास्थल पर जान चली गई।
6 मृतकों में 4 बिहार के हैं। इनमें बेतिया की दुर्गावती देवी (45), पटना की संता देवी, गयाजी से सुमन कुमारी और वैशाली के पीयूष कुमार (19) हैं। ड्राइवर सुभाष तूरी (30) देवघर का रहनेवाला था।
प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय ग्रामीणों ने बस से घायल कांवड़ियों को निकाला और मोहनपुर थाने की सूचना दी।



### हैप्पी मॉर्निंग

एक लड़का और लड़की पिकनिक पर गए लड़के को वहां चोट लग गयी और खून बहने लगा लड़के ने फिल्मों में बहुत बार देखा था, तो वो लड़की की तरफ देखने लगा उसने सोचा कि लड़की अभी अपना दुपट्टा फाड़ कर बांधेगी लड़की ने लड़के की तरफ देखा और बोली-
सोचना भी मत
6000 का सूट
है......



### शायरी

क्यूँ पशेमाँ हो अगर वादा वफ़ा
हो न सका
कहीं वादे भी निभाने के लिए
होते हैं

# एक देश, एक चुनाव पर जेपीसी की बैठक आज

## 15वें वित्त आयोग के अध्यक्ष एनके सिंह राय रखेंगे; पिछली मीटिंग में दो पूर्व सीजेआई शामिल हुए थे

**नई दिल्ली।** एक देश, एक चुनाव पर बनी संयुक्त संसदीय समिति की बुधवार को छठी बैठक होगी। इस बैठक में इकोनॉमिस्ट एनके सिंह और इकोनॉमी की प्रोफेसर डॉ प्राची मिश्रा पैनल के सामने अपनी राय रखेंगी।
एनके सिंह 15वें वित्त आयोग के अध्यक्ष रहे हैं। वहीं, डॉ प्राची मिश्रा अशोका यूनिवर्सिटी के आइजैक सेंटर फॉर पब्लिक पॉलिसी की प्रमुख और निदेशक हैं। इससे पहले 11 जुलाई को हुई बैठक में पूर्व सीजेआई जस्टिस जेएस खेहर और जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ के साथ बातचीत हुई थी। कानून और न्याय पर संसदीय स्थायी समिति के पूर्व अध्यक्ष ईएमएस नचियाप्पन ने भी बैठक में अपनी राय रखी थी। एक देश, एक चुनाव के लिए 129वें संविधान संशोधन बिल पर चर्चा करने और सुझाव लेने के लिए भाजपा सांसद पीपी चौधरी की अध्यक्षता में 39 सदस्यीय जपीसी बनाई गई है। जेपीसी का काम बिल पर व्यापक विचार-विमर्श, विभिन्न पक्षकारों और विशेषज्ञों से चर्चा करके और अपनी सिफारिशें देना है।




## मथुरा में 77 किलो चांदी की राखी लूटी


मथुरा। मथुरा में मंगलवार देर रात बदमाशों ने 77 किलो चांदी लूटकर भाग गए। वारदात को आगरा-दिल्ली नेशनल हाईवे पर अंजाम दिया गया। चेहरे पर नकाब लगाकर लुटेरे आए थे। दोनों कारोबारी बेटों को गाड़ी में बैठाया। पिता को रोड पर छोड़ दिया। इसके बाद 10 किमी चलकर कारोबारी बेटों को भी फेंक कर भाग निकले। सूचना पर एसएसपी दो थानों की फोर्स के साथ पहुंचे। बदमाशों की तलाश के लिए आसपास के सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं। पीड़ित से पूछताछ की जा रही है।

### ट्रैफिक जाम



गुरुग्राम में सिग्नेचर टॉवर के पास बारिश के बाद दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेसवे पर ट्रैफिक जाम में फंसे वाहन।

### अर्थसार



सेंसेक्स:
81,337.95
+446.93 (0.55%)
निफ्टी:
24,821.10
+140.20

### मौसम



अधिकतम : 32 डिग्री से0
न्यूनतम : 27 डिग्री से0
सूर्योदय गुरुवार : 5 : 49
सूर्यास्त बुधवार : 7 : 15

# राहुल बोले- दम है तो पीएम कहें कि ट्रम्प झूठे

### प्रियंका बोलीं- लोग सरकार भरोसे कश्मीर गए, सरकार ने उन्हें भगवान भरोसे छोड़ा



नई दिल्ली। लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर दूसरे दिन बहस में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा ने भाषण दिया। राहुल ने कहा- ट्रम्प ने 29 बार कहा है कि हमने युद्ध रुकवाया। अगर दम है तो प्रधानमंत्री यहां सदन में यह बोल दें कि वह झूठ बोल रहे हैं। राहुल ने कहा- अगर पीएम मोदी में इंदिरा गांधी की तरह 50 प्रतिशत भी दम है तो कह दीजिए कि ऑपरेशन सिंदूर में भारत का एक भी फाइटर जेट नहीं गिरा है। प्रधानमंत्री अपनी छवि बचाने के लिए जिस तरह से सशस्त्र बलों का इस्तेमाल कर रहे हैं, वह देश के लिए खतरनाक है। राहुल से पहले प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा- लोग सरकार के भरोसे पहलगाम गए थे, लेकिन सरकार ने उन्हें भगवान भरोसे छोड़ दिया। पहलगाम में जब लोगों को मारा जा रहा था, तब वहां एक भी सुरक्षाकर्मी नहीं दिखा। पीएम ऑपरेशन सिंदूर का श्रेय लेने आगे आ जाते हैं, जिम्मेदारी लेने क्यों नहीं आते।

### बड़े बदलाव

## बदल जाएगा बैलेंस चेक करने का तरीका; एनपीसीआई के नए दिशा-निर्देश जारी

# 1 अगस्त से यूपीआई पेमेंट में होने वाले हैं बड़े बदलाव

नई दिल्ली। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम ने यूनीफाइड पेमेंट इंटरफेस यानी यूपीआई से लेनदेन को आसान व सुरक्षित बनाने और सिस्टम पर लोड कम करने के उद्देश्य से नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं।
सभी बैंकों और पेमेंट एप्स सहित यूपीआई इकोसिस्टम से जुड़े सभी सदस्यों को 31 जुलाई तक इनको लागू करना होगा। यानी एक अगस्त से नए दिशा-निर्देशों के अनुरूप यूपीआई की सेवाएं मिलेंगी।

### एक एप से रोजाना केवल 50 बार बैलेंस जांच

एक अगस्त से उपयोगकर्ता एक यूपीआई एप पर 24 घंटे में केवल 50 बार अपने खाते का बैलेंस जांच सकेंगे। हालांकि, उपयोगकर्ता प्रत्येक एप पर अलग-अलग इस सुविधा का लाभ ले सकेंगे। इसका मतलब यह है कि पेटीएम, फोनपे, गूगलपे जैसे प्रत्येक एप पर अलग-अलग प्रतिदिन 50 बार खाते का बैलेंस जांचा जा सकेगा। हालांकि, बैलेंस जांचने के लिए उपयोगकर्ता को हर बार आग्रह करना होगा और एप स्वत- बैलेंस नहीं दिखा सकेंगे।



### हर भुगतान के बाद दिखेगा बैलेंस

बैंकों को निर्देश दिया गया है कि प्रत्येक सफल यूपीआई भुगतान के बाद उनको उपयोगकर्ता को उसके बैंक खाते का बैलेंस दिखाना होगा।

### स्वत- भुगतान के लिए समय तय

एनपीसीआई ने नेटवर्क को भीड़ से बचाने के लिए ऑटोमैटिक या स्वत- होने वाले भुगतान के लिए विशिष्ट समय अवधि तय की है। अब अधिसूचित भुगतान सुबह 10 बजे से पहले तक, दोपहर में एक से शाम पांच बजे तक और रात को 9.30 के बाद हो सकेंगे।
एनपीसीआई ने यूपीआई भुगतान के लिहाज से सुबह 10 से दोपहर एक बजे तक और शाम पांच से रात 9.30 बजे तक के समय को काफी व्यस्त माना है। इस अवधि में स्वत: भुगतान नहीं हो सकेगा।

### यूपीआई से जुड़े खाते देखने की सीमा तय

एनपीसीआई ने अब उपयोगकर्ता के यूपीआई एप से जुड़े खाते देखने की सीमा भी तय कर दी है। एक अगस्त से उपयोगकर्ता 24 घंटे में अपने यूपीआई एप से जुड़े बैंक खातों को केवल 25 बार देख सकेगा।
उपयोगकर्ता अपने लंबित लेनदेन के भुगतान की जांच के लिए केवल तीन प्रयास कर सकेंगे। प्रत्येक प्रयास के बीच 90 सेकेंड का अंतराल होना चाहिए।

# संपादकीय

## हम भारतीय हैं , 'हिंदू' कहलाने की बाध्यता क्यों?

### संसद में गूंजते नारों ने बेनकाब की दक्षिणपंथ की संकीर्ण सोच

**'सभी का खून है शामिल यहाँ की मिट्टी में, किसी के बाप का हिन्दुस्तान थोड़ी है!'**
**— राहत इंदौरी**



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

और सत्तानशी ये बात कान खोलकर सुन लें —
यह देश किसी एक मज़हब, एक पार्टी या एक झंडे की जागीर नहीं है।
"Indians!" — संसद में गूंजा विचार का विस्फोट
जब प्रियंका गांधी ने पहलगाम हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा —
'वे सब भारतीय थे',
तो सत्ता पक्ष की बेंचों से नारा गूंजा —
'हिंदू ! हिंदू !'
यह कोई साधारण प्रतिक्रिया नहीं थी —
यह प्रमाण था कि उनके लिए राष्ट्र नहीं, केवल धर्म ही पहचान है।
यह नारा नहीं, आत्मा पर हमला था।

### 'राष्ट्रवाद' की आड़ में बहुसंख्यक वर्चस्व

दक्षिणपंथी ताकतें 'भारत माता की जय' के नारे तो लगवाती हैं,

### मगर भारत माता की हर संतान को अपनाने से डरती हैं :

* मुसलमान ? घुसपैठिया
* ईसाई ? षड्यंत्रकारी
* सिख ? खालिस्तानी
* दलित ? मौन गुलाम

### इनकी 'राष्ट्रभक्ति' उस दिन सो जाती है जब

* बेरोज़गारी आसमान छूती है
* किसान आत्महत्या करता है
* अस्पतालों में बच्चे ऑक्सीजन के बिना मरते हैं
* या जब लाखों छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली से टूट जाते हैं

### प्रियंका गांधी का जवाब — एक वैचारिक तमाचा

प्रियंका का "Indians!" कहना सिर्फ़ एक शब्द नहीं था —
यह आस्था और संविधान के बीच खिंची उस रेखा को फिर से स्पष्ट करने की कोशिश थी, जिसे दक्षिणपंथ मिटाना चाहता है।
उनकी पंक्ति —
हमने मज़हब नहीं देखा, हमने इंसान देखा —
भारत की आत्मा है, जिसे अब 'सांस्कृतिक राष्ट्रवाद' की आड़ में कुचलने की कोशिश हो रही है।

### असली खतरा — धर्म नहीं, विचारधारा है

दक्षिणपंथी विचारधारा मंदिर जाती है,
मगर लौटकर संविधान जलाने का सपना देखती है।
* अल्पसंख्यकों को 'सिर झुकाकर रहने' की नसीहत
* दलितों से आरक्षण छीनकर 'समरसता' का धोखा
* महिलाओं की आज़ादी को 'मर्यादा' के फंदे में
* इतिहास को रामायण–महाभारत से बदलने का एजेंडा
* और न्यायपालिका को 'राष्ट्रवादी फैसले' देने वाला बना देने की जिद
यह केवल राजनीति नहीं —
यह लोकतंत्र को फासीवाद में बदलने की व्यवस्थित योजना है।

### गांधी, आंबेडकर, भगत सिंह — और इनकी घबराहट

* गांधी जब अहिंसा की बात करते हैं — तो ये 'गोली मारो' चिल्लाते हैं
* आंबेडकर जब मनुस्मृति जलाते हैं — तो इनकी आत्मा जलती है
* भगत सिंह जब इंकलाब की बात करते हैं — तो ये काँप उठते हैं
क्योंकि इन्हें क्रांतिकारी नहीं —
भीड़ में खोए हुए जयकारा बजाने वाले भक्त चाहिए।

### अगर अब भी चुप रहे — तो कल हर कोई संदेह के घेरे में होगा

* हर नागरिक को धर्म बता कर देशभक्ति का सर्टिफिकेट लेना पड़ेगा
* पत्रकार जेल में होंगे, अखबार 'गोदी' में
* छात्र पढ़ेंगे 'हिंदू संस्कृति' और चुप रहेंगे
* न्यायपालिका मंदिरों की भावना से फैसले सुनाएगी
* और जो सवाल पूछेगा — उसे टुकड़े-टुकड़े गैंग कहकर रौंद दिया जाएगा

### यह केवल विचार की नहीं — अस्तित्व की लड़ाई है

भारत कोई 'हिंदू राष्ट्र' नहीं है —
भारत एक विचार है।
एक ऐसा विचार,
जहाँ हर मज़हब बराबर है,
हर इंसान सम्मान के लायक है,
और हर नागरिक आज़ाद है।
अब यह कहना ज़रूरी है :
'हम भारतीय हैं — और तुम्हारी संकीर्ण राजनीति में फिट नहीं बैठते।
हम संविधान के पहले शब्द से लड़ेंगे — We, the people of India…




# वायु प्रदूषण से स्मृति-लोप का बढ़ता खतरा

**ललित गर्ग**



पर्यावरण की उपेक्षा एवं बढ़ता वायु प्रदूषण मनुष्य स्वास्थ्य के लिये न केवल घातक हो रहा है, बल्कि एक बीमार समाज के निर्माण का कारण भी बन रहा है। हाल ही में हुए एक मेटा-अध्ययन ने वायु प्रदूषण और बिगड़ती स्मृति के बीच एक खतरनाक संबंध का खुलासा किया है। हवा में मौजूद विषैले कण-खासकर महीन धूल और नाइट्रोजन डाइऑक्साइड जैसी हानिकारक गैसें, जो मुख्य रूप से वाहनों और औद्योगिक प्रक्रियाओं से निकलती हैं, हमारे मस्तिष्क को सीधे प्रभावित कर रही हैं। यह व्यापक शोध लगभग 3 करोड़ व्यक्तियों से जुड़े 51 अध्ययनों पर आधारित है। ये निष्कर्ष भारत जैसे देशों के लिए विशेष रूप से चिंताजनक हैं, जहाँ वायु प्रदूषण का स्तर दुनिया में सबसे अधिक है। अगर धनी और विकसित देश भी प्रदूषण के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों से जूझ रहे हैं, तो भारत लापरवाही बर्दाश्त नहीं कर सकता। वायु प्रदूषण से निपटना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

अध्ययन में चेतावनी दी गई है कि प्रदूषित हवा के नियमित संपर्क में रहने से मनोभ्रंश एवं स्मृति-लोप का खतरा काफी बढ़ जाता है, यह एक ऐसी प्रगतिशील स्थिति है जो स्मृति और संज्ञानात्मक क्षमताओं को क्षीण कर देती है। दुनिया भर में, लगभग 5.74 करोड़ लोग पहले से ही मनोभ्रंश से प्रभावित हैं। वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए तत्काल कार्रवाई न किए जाने पर, यह संख्या 2050 तक तिगुनी होकर 15.28 करोड हो सकती है। मनोभ्रंश अर्थात डिमेंशिया या भूलने की बीमारी का दुनिया में बढ़ता खतरा इतना बड़ा है कि आगामी पच्चीस वर्ष में इस बीमारी से ग्रस्त लोगों की संख्या तीन गुना हो जाएगी। शोधकर्ताओं ने वायु प्रदूषण में खासकर कार से निकलने वाले धुएं या उत्सर्जन को गंभीर माना है। उल्लेखनीय है कि लंबे समय तक प्रदूषित वातावरण में रहने वाले लोगों के मस्तिष्क की कार्यक्षमता में एक दशक तक की गिरावट देखी जा सकती है, उदाहरण के लिए, लगातार जहरीली हवा में सांस लेने वाला 50 वर्षीय व्यक्ति 60 वर्षीय व्यक्ति के समान संज्ञानात्मक क्षमता प्रदर्शित कर सकता है। वायु प्रदूषण का सबसे पहला असर फेफड़ों और दिल पर पड़ता है, लेकिन यह वहीं तक सीमित नहीं रहता। हवा में मौजूद ये छोटे-छोटे कण हमारी सांस के जरिए खून में चले जाते हैं और फिर सीधे दिमाग तक पहुंच जाते हैं। इससे-याद रखने की क्षमता कमजोर होती है। ध्यान केंद्रित करना मुश्किल हो जाता है। सीखने और नई बातें याद रखने में दिक्कत होती है। कुछ मामलों में डिप्रेशन यानी अवसाद की संभावना बढ़ जाती है।

द लैंसेट प्लैनेटरी हेल्थ जर्नल में प्रकाशित इस अध्ययन में पाया गया कि पीएम 2.5 (सूक्ष्म कण पदार्थ) में प्रति घन मीटर 10 माइक्रोग्राम की वृद्धि से स्मृति संबंधी बीमारियों का खतरा 17 प्रतिशत बढ़ जाता है। वाहनों के धुएँ और जलती हुई लकड़ी से निकलने वाले ब्लैक कार्बन में एक माइक्रोग्राम की भी वृद्धि से यह खतरा 13 प्रतिशत बढ़ जाता है। ये सूक्ष्म कण हमारे श्वसन और परिसंचरण तंत्र को दरकिनार कर मस्तिष्क तक पहुँच सकते हैं और सूजन व ऑक्सीडेटिव तनाव पैदा कर सकते हैं, जिससे अंतत: न्यूरॉन्स को नुकसान पहुँचता है। इसके दूरगामी परिणाम हो सकते हैं। प्रदूषित हवा न केवल फेफड़ों और हृदय के स्वास्थ्य को प्रभावित करती है, बल्कि याददाश्त, एकाग्रता, सीखने और भावनात्मक स्थिरता को भी कमज़ोर करती है। अध्ययनों से पता चला है कि उच्च प्रदूषण वाले क्षेत्रों में रहने वाले बच्चे स्वच्छ वातावरण में रहने वालों की तुलना में स्कूल की परीक्षाओं में खराब प्रदर्शन करते हैं। प्रदूषित हवा के संपर्क में आने वाले वयस्क अक्सर चिड़चिड़ापन, थकान और यहाँ तक कि अवसाद का अनुभव करते हैं। उनकी उत्पादकता और निर्णय लेने की क्षमता भी प्रभावित हो सकती है।

प्रदूषण से प्रेरित स्मृति हानि का प्रभाव केवल व्यक्तियों तक ही सीमित नहीं है, यह शैक्षिक परिणामों, कार्यस्थल की दक्षता और सामाजिक निर्णय लेने को भी प्रभावित करता है। आँकड़े दर्शाते हैं कि उच्च-पीएम क्षेत्रों में लोग मौखिक प्रवाह, तर्क, सीखने और स्मृति परीक्षणों में कम अंक प्राप्त करते हैं, जो शिक्षा का एक पूरा वर्ष गँवाने के समान है।

एक हालिया अध्ययन से पता चला है कि कैसे किराने की खरीदारी जैसे नियमित कार्यों में संज्ञानात्मक विकर्षण प्रदूषण के संपर्क में आने से बढ़ जाता है। वृद्ध और कम शिक्षित व्यक्ति विशेष रूप से असुरक्षित होते हैं, अक्सर रोज़मर्रा के कार्य करने की क्षमता खो देते हैं और दूसरों पर अधिक निर्भर हो जाते हैं।

बढ़ते खतरे के बावजूद, चिकित्सा विज्ञान वर्तमान में मनोभ्रंश का कोई निश्चित इलाज नहीं देता है। मौजूदा उपचार सीमित और अक्सर अप्रभावी होते हैं, जिससे मरीज धीरे-धीरे अपनी याददाश्त और स्वतंत्रता खो देते हैं। अध्ययन के सह-प्रमुख लेखक, कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के डॉ. क्रिस्टियन ब्रेडल इस बात पर ज़ोर देते हैं कि मनोभ्रंश की रोकथाम केवल स्वास्थ्य सेवा की ज़िम्मेदारी नहीं है। शहरी नियोजन, परिवहन नीतियां और पर्यावरणीय नियम, सभी इस संकट से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।


वायु प्रदूषण न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य को नुकसान पहुँचाता है, बल्कि सामूहिक सोच, जीवनशैली विकल्पों और पर्यावरणीय निर्णयों को भी विकृत करता है। बड़े पैमाने पर, यह शैक्षिक उपलब्धि में कमी, उत्पादकता में कमी, स्वास्थ्य सेवा के बढ़ते बोझ और गहरी होती आर्थिक असमानताओं में योगदान देता है। वाशिंगटन में 12 लाख लोगों पर किए गए एक अलग अध्ययन से पता चला है कि जंगल की आग के धुएँ के संपर्क में आने से, जो पीएम 2.5 के स्तर को बढ़ाता है, मनोभ्रंश का खतरा 18-21 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय द्वारा की गई एक और व्यापक समीक्षा (51 अध्ययनों में 2.9 करोड़ लोगों पर) ने पुष्टि की कि पीएम 2.5 के संपर्क में आने से मनोभ्रंश का खतरा 13-17 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। विज्ञान स्पष्ट है कि ये सूक्ष्म कण श्वसन तंत्र और मस्तिष्क में गहराई तक प्रवेश करते हैं, मस्तिष्क के कार्य को बाधित करते हैं और मानसिक गिरावट को तेज़ करते हैं।

हाल ही में चीन में हुए एक शोध में भी पीएम और नाइट्रोजन ऑक्साइड के संपर्क को मध्यम आयु वर्ग और वृद्ध लोगों में संज्ञानात्मक क्षमता में कमी, विशेष रूप से कार्यशील स्मृति में कमी से जोड़ा गया है। यह एक बढ़ता हुआ संकट है जिसके प्रभाव न केवल व्यक्तियों पर बल्कि पूरे समाज पर पड़ रहे हैं। हमें यह स्वीकार करना होगा कि वायु प्रदूषण अब केवल खांसी या सांस की बीमारी तक सीमित नहीं है, यह चुपचाप हमारी स्मृति, संज्ञानात्मक कार्यों और मानसिक स्वास्थ्य पर हमला कर रहा है। लोग मानसिक थकान, अवसाद या चिड़चिड़ापन महसूस कर सकते हैं। सामूहिक स्तर पर, शिक्षा और उत्पादकता में गिरावट, स्वास्थ्य पर बढ़ता बोझ और आर्थिक असमानता बढ़ती है। अगर तत्काल और निर्णायक कदम नहीं उठाए गए, तो स्थिति और बिगड़ेगी। वायु प्रदूषण शरीर में हानिकारक रासायनिक प्रतिक्रियाओं को जन्म देता है जो कोशिकाओं, प्रोटीन और डीएनए को नुकसान पहुँचाती हैं, जिससे मनोभ्रंश जैसी तंत्रिका संबंधी बीमारियों का मार्ग प्रशस्त होता है। उत्साहजनक रूप से, शोध बताता है कि वायु प्रदूषण को कम करने से स्वास्थ्य, आर्थिक, सामाजिक और जलवायु क्षेत्रों में दीर्घकालिक लाभ मिल सकते हैं।

इससे मरीजों, परिवारों और देखभाल करने वालों पर बोझ भी कम होगा। अब हमें खुद से यह सवाल पूछना होगा कि हम न केवल अपने फेफड़ों, बल्कि अपने दिमाग की भी रक्षा के लिए कितनी दूर तक जाने को तैयार हैं?


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3605




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:




### काकुरो - 3604 का हल



## हंसी के फूव्वारें

पूजा में पण्डितजी ने बच्चों को लड्डू दिया और कहा-इसे हवन कुण्ड में डालों और कहो स्वाहा. बच्चों ने लड्डू मुंह में डाल लिया और कहा - आहा.

एक लड़का पार्क में साइकिल चला रहा था . उसकी मां बड़े गर्व से उसे देख रही थी. पहले चक्कर में मां के पास आने पर लड़के ने कहा, 'देखिये मम्मी, हाथों के बिना.' दूसरे चक्कर में बोला, 'देखिये मम्मी, पैरों के बिना.' तीसरे चक्कर में वह चिल्लाया, 'देखिये मम्मी, दांतों के बिना.'

□ □ □

एक खूबसूरत लड़की बस स्टॉप पर खड़ी था, एक नौजवान बोला-चांद तो रात को निकलता है, आज दिन में कैसे निकल आया? लड़की बड़ी हाजिरजवाब थी. बोली- अरे उल्लू तो रात को बोलता था, आज दिन में कैसे बोल रहा है ?

□ □ □

मास्टरजी: (व्याकरण पढ़ाते हुए) एक ऐसा वाक्य बताओ जिसमें वर्तमानकाल, भूतकाल और भविष्यकाल तीनों आ जायें.

छात्र: सौ साल पहले मुझे तुमसे प्यार था, आज भी है, और कल भी रहेगा.


□ □ □

जज: (चोर से) तुम्हें बार-बार कचहरी में आते लज्जा नहीं आती ?

चोर: हुजूर मैं तो साल में एक बार ही आता हूँ मगर आप तो रोज ही आते हैं.

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3605



**बायें से दायें:-**

१. फरदीन, करीना की अमिताभ बच्चन की शीर्षक भूमिका वाली फिल्म-२
२. 'चल दरिया में डूब' गीत वाली राजेश खन्ना, हेमा, मुमताज की फिल्म-२,३
६. करणनाथ, मनीषा, नतान्या की 'दिल तो उड़ने लगा' गीत वाली फिल्म-२
७. 'बाहर है प्रॉबलम' गीत वाली अमृता सिंह, अमिताभ, मीनाक्षी की फिल्म-३
८. अनिलकपूर, अक्षय, ऐश्वर्या की 'इस टूटे दिल की पीर' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'सुनता है मेरा खुदा' गीत वाली अनिलकपूर, माधुरी की फिल्म-३
११. जीतेंद्र, श्रीदेवी की 'गोरी तेरे अंग अंग में' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'बोल बेबी बोल' गीत वाली अनिलकपूर, मीनाक्षी की फिल्म-२,२
१६. बॉबी देओल, मनीषा, काजोल की 'दुनिया हसीनों का मेला' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'कोई माने या ना माने' गीत वाली फिरोजखान, रेखा की फिल्म-३
१९. देवआनंद, वहीदा की 'है अपना दिल तो आवारा' गीत वाली फिल्म-३,२
२३. 'गिर गया झुमका' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की फिल्म-३
२४. फिल्म 'तीसरी कसम' में राजकपूर के साथ नायिका कौन थी?-३
२५. प्राण, नवीन निश्चल, रेखा की 'ना सतरा से ऊपर' गीत वाली फिल्म-२
२६. 'तुझे प्यार करते करते' गीत वाली अजय देवगन, जूही की फिल्म-४
२७. अजय देवगन, रानी मुखर्जी की 'ना ना मेहंदी ना मुझको लगाना' गीत वाली फिल्म-२,२

**ऊपर से नीचे:-**

१. संजीवकुमार, शबाना आजमी की फिल्म-३
२. देवआनंद, वहीदा रहमान की 'रंगीला रे तेरे रंग में' गीत वाली फिल्म-२,३
३. 'कितना बेचैन होके' गीत वाली आफ ताब, लिसा रे की फिल्म-३
४. फिल्म 'रफूचक्कर' में ऋषिकपूर के साथ नायिका कौन थी?-२,२
५. फिल्म 'छैला बाबू' में राजेश खन्ना के साथ नायिका कौन थी?-३
९. अमिताभ, रितिक, प्रीती जिंटा की 'अगर मैं कहूँ' गीत वाली फिल्म-२
१२. 'तुम रूठ के मत जाना' गीत वाली भारतभूषण, मधुबाला की फिल्म-३
१३. किशोर कुमार, चाँद उस्मानी की 'छोटा सा घर होगा' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'दिल मेरा अकेला' गीत वाली आमिर, फैजल, ट्विंकल की फिल्म-२
१५. फरदीनखान, उर्मिला की 'दो प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'तेरे प्यार का छाया नशा' गीत वाली आफताब, युक्ता मुखी की फिल्म-२
१९. फिल्म 'काश आप हमारे होते' का नायक कौन है?-२
२०. मिथुन चक्रवर्ती, टीना मुनीम की 'तुम सा नहीं देखा' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'ये लड़की जरा सी' गीत वाली कुमार गौरव, विजेयता पंडित की फिल्म-२,२
२२. मिथुन चक्रवर्ती, ऋतुपर्णा की 'गोरे रंग का जमाना' गीत वाली फिल्म-४
२३. 'मिर्ची ये मिर्ची' गीत वाली फिल्म-३

### फिल्म वर्ग पहेली- 3604



## सूडोकु -3605

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | | | | 4 | |
| | | 5 | | 3 | | | 7 | |
| | | | | | 8 | | | 2 |
| | | | | | 1 | 9 | | |
| | 2 | | | | | | 8 | |
| | | 6 | 7 | | | | | |
| 1 | | | 4 | | | | | |
| | 9 | | | 2 | | 5 | | |
| | 8 | | | | | | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3604 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

## शब्द पहेली - 3605



**बाएँ से दाएँ**

1.बरस,वर्ष-2
2.आफत,मुसीबत-2
3.यमराज-2
4.तीर, बाण-2
6.आनेवाला दिन-2
7.उत्साह-2
8.उचित, सही-3
9.बंधन-2
10.बाण-2
11.उपवन, जंगल-3
12.सरिता-2
13.शिविर, तंबू-2
14.रुई साफ करना-3
16.फंदा, पाश-2
17.भीरु, डरपोक-3
18.तालाब -2
19.सम्मान-2
20.पासों फैंक कर भविष्य देखने की विद्या-3
21.श्याम,काले रंग का-2
22.देह, तन, बदन-2
23.चुनना, छांटना-3
24.रघुवीर, सियावर-2
26.जलजला-3
27.कोलाहल-2
28.अवरोध-2
29.दलदल-3
30.पत्नी का भाई-2
31.रिवाज, रस्म-2
32.कक्ष, रूम-3
33.गधा, गर्दभ-2
34.जनकपुत्री-2
36.वोट, राय-2
37.विजय-2
38.मां का भाई-2
39.मूल्य-2

**ऊपर से नीचे**

1.परछाई-2
2.दम, ताकत-2
3.यमराज-2
4.सोना, निद्रा लेना-3
5.धूल, मिट्टी-2
6.शारीरिक ऊंचाई-2
7.बल, दम-2
8.पहचानना-3
9.बंधक-2
10.मोमबत्ती (उर्दू-2)
11.विवश-3
12.भीगा हुआ-2
13.क्रीडा-2
14.सहमत-3
15.फंदा-2
16.प्राण-2
17.आकांक्षा-3
18.लॉक-2
19.प्रकृति,धन-2
20.धावक-3
21.कार्य-2
22.सवारी गाड़ी-2
23.जंगल-3
24.झगड़ा-2
25.सरल-2
26.कूड़ा-3
27.अंगारा-2
28.वार्तालाप-2
29.दाम, मूल्य-3
30.सारांश-2
31.खाली-2
32.थोड़ा-2
33.पत्र, चिट्ठी-2
34.हद-2
35.बल, ताकत-2

### शब्द पहेली -3604 का हल



# अधूरे नोएडा इंटरनेशनल गोल्फ कोर्स को पूरा करेगी दूसरी कंपनी

## जारी किए जाएंगे टेंडर, 38 करोड़ का होना है सिविल कार्य, इसके बाद खोली जाएगी मैंबरशिप

**नोएडा।** सेक्टर-151ए में नोएडा इंटरनेशनल गोल्फ कोर्स का निर्माण कर रही कंपनी को ब्लैक लिस्ट किया जा रहा है। करीब 38 करोड़ का काम अभी बचा है। ये काम दूसरी कंपनी पूरा करेगी। इसके लिए टेंडर जारी किया जा रहा है। प्राधिकरण ने बताया कि सिविल कंस्ट्रक्शन का करीब 80 करोड़ का काम होना था। जिसमें 65 प्रतिशत काम पूरा किया जा चुका है। वहीं इलेक्ट्रिकल 12 करोड़, इंटीरियर का 25 करोड़ का काम होना है। इस तरह से पूरा प्रोजेक्ट करीब 140 करोड़ का है।

इसका निर्माण कंस्ट्रक्शन कंपनी काश्यपि इंटरप्राइजेज कर रही थी। जिसे ब्लैक लिस्ट किया जा रहा है। इसके अलावा कंपनी पर गंभीर आरोप है कि प्राधिकरण ने उसे जो पैसा दिया उसने कंस्ट्रक्शन करने की बजाय निजी कार्य में प्रयोग किया। ऐसे में प्राधिकरण कंपनी के खिलाफ एफआईआर भी करवा दी है। इसके निर्माण के लिए अब नई कंपनी का चयन किया जाएगा इसके लिए एग्रीमेंट बांड तैयार किया गया है। कंपनी के चयन होते ही निर्माण कार्य दोबारा से शुरू किया जाएगा।



गोल्फ कोर्स में एक हजार सदस्य बनने के बाद मेंबरशिप को बंद कर दिया गया था। इसका निर्माण इसी मेंबरशिप के पैसों पर किया जा रहा है। निर्माण पूरा नहीं होने मेंबरशिप को रि ओपन नहीं किया गया है। बताया गया कि अब भी करीब 2.5 हेक्टेयर जमीन किसानों ने नहीं दी है। इस जमीन को आपसी सहमति के आधार पर लेने का प्रयास किया जा रहा है।

### 140 करोड़ में बन रहा गोल्फ कोर्स

बता दे परियोजना जुलाई 2021 में शुरू की गई। इसका 68 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है।

जून 2025 में इसका निर्माण पूरा किया जाना है। जमीन नहीं मिलने की वजह से योजना में करीब 11 करोड़ रुपए का वेरिएशन किया गया। अब इसकी लागत 140 करोड़ हो चुकी है। योजना का कुल एरिया करीब 113.87 एकड़ है।

### 113 एकड़ में बन रहा गोल्फ कोर्स

94.369 एकड़ में गोल्फ एरिया
6.895 एकड़ में क्लब और पार्किंग एरिया
7.910 एकड़ में ड्राइविंग रेंज एरिया
4.702 एकड़ में एनटी लाइन एरिया
9.289 एकड़ में हेलीपोर्ट
4.614 एकड़ में हेलीपोर्ट एप्रोच रोड एरिया बनाया जा रहा है।

# डिंपल पर कमेंट करने वाले मौलाना रशीदी को पीटा

## नोएडा में डिबेट के दौरान सपा कार्यकर्ताओं ने जड़े कई थप्पड़; भागकर बचाई जान

**नोएडा।** सपा सांसद डिंपल यादव पर कमेंट करने वाले ऑल इंडिया इमाम एसोसिएशन के अध्यक्ष मौलाना साजिद रशीदी पर हमला हुआ है। मंगलवार को मौलाना नोएडा के एक चैनल के लाइव डिबेट में पहुंचे थे। डिबेट खत्म होने के बाद सपा नेता कुलदीप भाटी ने उन पर हमला कर दिया। ताबड़तोड़ कई थप्पड़ जड़ दिए। मौलाना ने मौके से भागकर अपनी जान बचाई। सिक्योरिटी वालों ने हमलावरों से उन्हें छुड़ाया। ये मामला सेक्टर-126 का है। मौलाना साजिद ने कुलदीप भाटी और मोहित नागर पर हमला करने का आरोप लगाया है। मौलाना आरोपियों के खिलाफ थाना सेक्टर-126 में शिकायत दर्ज कराने पहुंचे। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। कुलदीप भाटी ने एक वीडियो जारी किया है। कहा, मैं गुर्जर समाज से आता हूं, तो गुर्जर समाज अपनी गर्दन कटा सकता है। भारत की किसी भी महिला के खिलाफ अभद्र टिप्पणी नहीं सही जाएगी। आज मौलाना का इलाज कर दिया गया है।

22 जुलाई को डिंपल यादव अपने पति अखिलेश यादव के साथ दिल्ली की एक मस्जिद में गई थी। जहां सपा सांसदों ने बैठक की थी। उसी दिन एक चैनल के डिबेट में मौलाना ने डिंपल के कपड़ों पर कमेंट किया था। इसके बाद से सपा कार्यकर्ताओं में मौलाना के खिलाफ गुस्सा है।

मौलाना साजिद रशीदी के खिलाफ लखनऊ में केस दर्ज हो चुका है। प्रदेश के कई जिलों में भी उनके खिलाफ पुलिस से शिकायत की गई है। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की तरफ से भी मौलाना को नोटिस भेजा गया है।

## रंजिश के चलते परिवार पर हमला

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र के जमालपुर गांव में एक परिवार पर रंजिश के चलते फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने पांचवें आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह घटना करीब एक महीने पहले घटी थी। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी भूरा उर्फ रोहित बंसल को मंगलवार को कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया है। इससे पहले इस मामले में चार अन्य आरोपी पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं। पीड़ित यशपाल भाटी ने पुलिस में दर्ज कराए मामले में बताया था कि उनके पड़ोसी शिवम उनके भाई से रंजिश रखता है। इसी कारण 19 जून की रात शिवम अपने साथियों के साथ उनके घर के सामने पहुंच गया। आरोपियों ने परिवार को देखकर जान से मारने के इरादे से कई राउंड फायरिंग की। इस घटना में परिवार के सदस्य बाल-बाल बच गए।

# ई सिम के नाम पर 15 लाख ठगे

## एक्टिव कराने के लिए आया था फोन, 6 बार में रकम की गई ट्रांसफर

**नोएडा।** साइबर ठगों ने ई सिम का झांसा देकर एक व्यक्ति को अपने जाल में फंसाया और 15 लाख रुपए की ठगी कर डाली। छह बार में ठगों ने खाते से रकम ट्रांसफर की। मोबाइल हैक कर ठगी की वारदात को अंजाम दिया गया। पीड़ित की शिकायत पर साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### वैरीफिकेशन मैसेज भी मिला

सेक्टर-11 निवासी रजनीश नारंग बहुराष्ट्रीय कंपनी में काम करते हैं। बीते दिनों रजनीश अपने मोबाइल में ई सिम एक्टिव कराने की कोशिश कर रहे थे। ई सिम एक्टिवेट होने के बजाय उनके साथ धोखाधड़ी हो गई। पीड़ित रजनीश ने दर्ज कराए गए केस में कहा है कि 18 जुलाई को उन्हें खुद को एयरटेल कर्मचारी बताने वाले एक व्यक्ति अमर का कॉल आया। उसने भरोसा दिलाया कि वह ऑनलाइन प्रक्रिया के जरिए ई सिम तुरंत उपलब्ध करा देगा। रजनीश को एयरटेल की ओर से एक पुष्टिकरण मैसेज भी मिला।

### दो घंटे में एक्टिव हो जाएगा सिम

अमर ने उन्हें आश्वस्त किया कि दो घंटे के अंदर ई सिम चालू हो जाएगी। इसी दौरान रजनीश के बैंक खाते से छह बार में कुल 15 लाख रुपए निकाल लिए गए। जब तक उन्हें ठगी का अंदाजा हुआ तब तक काफी देर हो चुकी थी। जिन खातों में ठगी की रकम ट्रांसफर हुई है, पुलिस उनकी जांच कर रही है। ठगी की रकम को फ्रीज कराने के लिए पुलिस ने संबंधित बैंक से संपर्क किया है।


# ग्रेटर नोएडा में किसानों का अनिश्चितकालीन धरना

जेवर। भारतीय किसान यूनियन (लोकशक्ति) ने मंगलवार से ग्रेटर नोएडा के गांव रौनीजा में अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। यह धरना ज़ीरो पॉइंट ग्रेटर नोएडा पर हुई महापंचायत में लिए गए निर्णय के अनुसार आयोजित किया गया है। किसान यमुना एक्सप्रेसवे के आवासीय प्लॉट, अतिरिक्त मुआवज़ा, जेवर एयरपोर्ट से जुड़ी समस्याओं, बैकलीज शिफ्टिंग और जल दोहन जैसे मुद्दों के समाधान की मांग कर रहे हैं। धरने का नेतृत्व भारतीय किसान यूनियन (लोकशक्ति) के राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर श्यौराज सिंह कर रहे हैं। इस प्रदर्शन में राकेंद्र मलिक, सहदेव मलिक, गज़ब सिंह, महेंद्र रावत, श्यौराज गोड, सिब्बू सिंह, मनवीर भाटी, ओमपाल भाटी और टिंकू भाटी सहित अन्य किसान नेता भी शामिल हुए। धरने में बड़ी संख्या में महिलाएं भी मौजूद रहीं। महिला मंडल ने नृत्य और गीतों के माध्यम से धरने को सांस्कृतिक रूप से सशक्त बनाया।

# पत्रकार पर हमला करने वाला बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

## पैर में लगी गोली, चाकू से वार किया था, 11 मुकदमे हैं दर्ज

**नोएडा।** थाना सेक्टर-113 पुलिस द्वारा नागौरी फार्म हाउस सर्फाबाद के पास चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान लोकल इंटेलिजेंस के जरिए सूचना मिली की वांछित बदमाश यहां से निकलने वाला है। बदमाश को आता देखकर पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया। बदमाश ने रुकने की बजाय भागने का प्रयास किया गया। साथ ही अपने को घिरता देख पुलिस पार्टी पर फायर किया। पुलिस ने जवाबी एक्शन लेने हुए वॉर्निंग दी और बाद में फायर किया।



### पैर में लगी गोली

बदमाश के पैर में गोली लगी। जिससे वो घायल हो गया। बदमाश की पहचान दीपक शर्मा पुत्र विनोद शर्मा निवासी ग्राम सर्फाबाद थाना सेक्टर-113 नोएडा के रूप में हुई है। घायल के पास से 01 अवैध तमंचा, 01 खोखा व 01 जिन्दा कारतूस, घटना में प्रयुक्त 01 चाकू बरामद किया गया है। दीपक द्वारा सोमवार रात को पत्रकार प्रमोद शर्मा पुत्र ठकरी दत्त शर्मा निवासी ग्राम सर्फाबाद पर जान से मारने की नियत से चाकू से प्रहार किया गया था। इस संबंध में थाना सेक्टर-113 पर मुकदमा दर्ज है। घायल बदमाश को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

### चाकू से किया था हमला

पुलिस ने बताया कि सोमवार रात को दीपक ने विवाद के चलते पत्रकार प्रमोद शर्मा पर जान लेवा हमला करते हुए चाकू से कई वार किए थे। जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। उनके सीधे हाथ में गहरे घाव है। बदमाश दीपक पर 11 से ज्यादा मुकदमे दर्ज है। पुलिस जांच कर रही है।

# ग्रेटर नोएडा में किसानों का प्राधिकरणों के खिलाफ आंदोलन

## 30 जुलाई को गलगोटिया यूनिवर्सिटी अंडरपास पर महापंचायत

जेवर। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के आह्वान पर 30 जुलाई को गलगोटिया यूनिवर्सिटी अंडरपास पर तीनों प्राधिकरणों (नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यमुना प्राधिकरण) के खिलाफ महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारी के लिए मंगलवार को रीलखा और इलाहाबासगांव में जन जागरण अभियान के तहत किसान गोष्ठी आयोजित की गई।



गोष्ठी की अध्यक्षता राजाराम प्रधान और ओमवीर ने की। संचालन सुनील प्रधान और अनित कसाना ने किया। बैठक में बेली भाटी ने बताया कि प्राधिकरण गांवों में आबादी के निस्तारण का कार्य नहीं कर रहा है। गांवों के रास्ते जर्जर हो चुके हैं। प्राधिकरण इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। उन्होंने बताया कि किसानों को कोर्ट के आदेशानुसार भूखंड आवंटन भी नहीं किया गया है। इससे ग्रामीणों में भारी रोष है। उमेद कसाना ने कहा कि गांवों में बारात घर और श्मशान घाट के रास्तों की स्थिति अत्यंत खराब है। श्मशान घाट तक पहुंचने में मृतकों के परिजनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

प्राधिकरणों ने आबादी निस्तारण की मांग को भी अनसुना कर रखा है। इन्हीं मुद्दों को लेकर महापंचायत का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर संगठन के पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पवन खटाना, सुरेंद्र नागर, अजीत अधाना, सुबे राम मास्टर, चाहत राम मास्टर, अर्जुन प्रधान, देवी राम प्रधान, चंद्रपाल बाबूजी, भगत सिंह प्रधान, जोगिंदर तुगलपुर, पवन नागर, रणवीर, जगदीश, धर्मपाल स्वामी, उम्मीद कसाना, जीत कसाना, नीरज कसाना, योगेश और विशाल समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नोएडा में 2.89 करोड़ के साइबर फ्रॉड में ठग गिरफ्तार

**नोएडा।** दो प्रतिशत लाभ कमाने के लिए साइबर ठगों को बैंक खाता मुहैया कराने वाले आरोपी को साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने मंगलवार को हरियाणा के फरीदाबाद से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से मोबाइल समेत अन्य दस्तावेज बरामद हुए हैं। आरोपी ने अपने कुछ अन्य साथियों के नाम भी पूछताछ के दौरान पुलिस को बताए हैं। आरोपी एक फर्म का मालिक है। एडिशनल डीसीपी साइबर शैव्या गोयल ने बताया कि 22 जुलाई को एक व्यक्ति ने साइबर क्राइम थाने में दी तहरीर में बताया था कि स्वयं को एबॉट वेल्थ कोलकाता (भारत) कंपनी का कर्मचारी बताकर एक व्यक्ति ने उससे वॉट्सऐप पर संपर्क किया। उसने निवेश कराकर ट्रेडिंग के माध्यम से लाभ कमाने का झांसा देकर दो करोड़ 89 लाख 50 हजार रुपए की ठगी कर ली। ऐप के माध्यम से ठगों ने पीड़ित से रकम निवेश कराई। ऐप पर मुनाफा बढ़ता हुआ दिख रहा था, पर वास्तव में ऐसा कुछ भी नहीं था। ठगी की जानकारी होने के बाद ठगों ने पीड़ित के साथ संपर्क तोड़ लिया और उस ग्रुप से भी बाहर कर दिया, जिसमें जोड़कर उसे निवेश संबंधी प्रशिक्षण दिया गया था। मामला संज्ञान में आते ही पुलिस ने तुरंत अज्ञात ठगों के खिलाफ केस दर्ज किया और मामले की जांच शुरू कर दी।

## ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का बड़ा फैसला

# बहुमंजिला फ्लैट आवंटियों के लिए 31 दिसंबर 2025 तक ओटीएस लागू

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने बहुमंजिला फ्लैट आवंटियों को बड़ी राहत दी है। सोमवार को उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के चेयरमैन मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई 140वीं बोर्ड बैठक में एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) को मंजूरी दी गई।

यह योजना ईडब्ल्यूएस से लेकर 121 वर्ग मीटर एरिया तक के फ्लैट आवंटियों के लिए लागू होगी। इस योजना के तहत बकाया प्रीमियम और लीज डीड पर विलंब शुल्क के ब्याज पर राहत मिलेगी। यह ओटीएस 31 दिसंबर 2025 तक लागू रहेगी।

प्राधिकरण के संपत्ति विभाग ने बोर्ड को बताया कि इस योजना से लगभग 2000 बहुमंजिला फ्लैटों की लीज डीड निष्पादित होने का अनुमान है। बोर्ड ने इस प्रस्ताव पर अपनी मंजूरी दे दी है।

प्राधिकरण इस निर्णय का कार्यालय आदेश जल्द ही जारी करेगा। इसमें ओटीएस के लागू होने की तिथि भी निर्धारित की जाएगी। बोर्ड बैठक में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार, एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।


# नोएडा स्काइवॉक का डिजाइन फाइनल, आईआईटी ने दी मंजूरी

## 530 मीटर लंबा और 4 मीटर होगा चौड़ा, 40 करोड़ होंगे खर्च, नोएडा-गाजियाबाद को जोड़ेगा

नोएडा। सेक्टर-62 मॉडल टाउन गोल चक्कर पर बनने वाले स्काई वॉक का डिजाइन फाइनल कर दिया है। इसके डिजाइन को आईआईटी दिल्ली से अप्रूवल मिल गया है।

नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि यह स्काई वॉक 530 मीटर लंबा और 4 मीटर चौड़ा होगा। यह स्काई वॉक, दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर खोड़ा कॉलोनी की तरफ बने एफओबी को जोड़ते हुए बनाया जाएगा।

इसके बाद जीरो के आकार में बनाते हुए छिजारसी की तरफ बनेगा। मॉडल टाउन गोल चक्कर के चारों तरफ जीरो आकार में बनेगा।



### दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे को जोड़कर नया एफओबी बनेगा

आने वाले समय में यहां पर भी दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे को जोड़ते हुए नया एफओबी बनाया जाएगा। इसका डिजाइन ओरायन आर्किटेक्ट ने बनाया है।

ये एफओबी सीधे तौर पर नोएडा और गाजियाबाद को जोड़ेगा। इससे रोजाना करीब 60 हजार से ज्यादा लोगों को फायदा होगा, जो गाजियाबाद की तरफ से नोएडा आते है। हालांकि इनकी संख्या ज्यादा है। ये लोग नोएडा और गाजियाबाद में जॉब करते हैं।

### 40 करोड़ आएगी लागत

इस स्काई वॉक को बनाने में करीब 40 करोड़ रुपए की लागत आएगी। इस पर नोएडा की तरफ सेक्टर-62, 63 और छिजारसी की तरफ चढ़ने-उतरने की सुविधा मिलेगी। स्काई वॉक में राहगीरों को ऊपर चढ़ने में कोई परेशानी न हो इसके लिए नोएडा की तरफ एसकेलेटर (स्वचालित सीढ़ियां) लगाए जाएंगे। इसके अलावा दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे के कोनों पर दो लिफ्ट लगाई जाएंगी।

# शार्ट न्यूज

## नोएडा की डीएम बनी मेधा रूपम



**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर की नई जिलाधिकारी मेधा रूपम होंगी। 2014 बैच की मेधा रुपम ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी रह चुकी है। वर्तमान में कासगंज की जिलाधिकारी है। गौतमबुद्ध नगर में तैनाती के चलते उनको यहां की भौगोलिक स्थिति से वाकिफ है। जिले के लोगों को इसका लाभ मिलेगा। ग्रेटर नोएडा में एसीईओ रहते हुए वह क्षेत्र में अपनी सक्रियता के लिए जानी जाती है। साथ ही बोर्ड में हिस्सा ले चुकी है। वहीं जिलाधिकारी मनीष वर्मा को डीएम प्रयागराज बनाया गया है। मनीष वर्मा तेज तर्रार अधिकारियों में गिने जाते है। लोगों ने कहा कि मेधा रुपम के आने से यहां तीनों प्राधिकरण से बेहतर समन्वय बनेगा। क्योंकि वो यहां पहले रह चुकी है। बोर्ड बैठकों में सक्रियता दिखा चुकी है।

## ग्रेटर नोएडा में राइफल के साथ वीडियो वायरल

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने राइफल के साथ वीडियो वायरल करने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है। बिलासपुर कस्बे का रहने वाला चांद नामक युवक कुछ दिन पहले सोशल मीडिया पर राइफल के साथ वीडियो पोस्ट करके चर्चा में आया था। पुलिस ने इस वीडियो का संज्ञान लेते हुए मामले की गहनता से जांच शुरू की। जांच में पता चला कि आरोपी सिर्फ दिखावे के लिए हथियार के साथ वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट करता था। मंगलवार को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने टशन दिखाने के लिए ही यह वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट की थी। अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के वीडियो बनाना और सोशल मीडिया पर प्रसारित करना कानूनी अपराध है। पुलिस ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई कर रही है।

## महिला पर धर्मांतरण का दबाव बनाने वाला गिरफ्तार

**नोएडा।** शादी का झांसा देकर शादीशुदा महिला के साथ रेप करने और जबरन धर्मांतरण का दबाव बनाने वाले आरोपी सैलून कर्मी को सेक्टर-113 थाने की पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। पीड़िता ने शनिवार को अदालत के आदेश पर आरोपी के खिलाफ सेक्टर 113 थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोपी के पिता और एक साथी पर भी महिला ने षड़यंत्र में शामिल होने का आरोप लगाया है। पुलिस के मुताबिक बरौला गांव में रहने वाली महिला की शादी फरीदाबाद के युवक से साल 2019 में हुई थी। वह पति के शराब पीने की आदत से परेशानी थी। उसने जब इसका विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की गई। ऐसे में उसने पति के खिलाफ केस दायर कर दिया और उससे अलग होकर बरौला गांव में रहने लगी। कुछ समय तक महिला घर पर खाली बैठी रही। फिर अपना खर्च चलाने के लिए उसने सेक्टर-121 स्थित सैलून में काम करना शुरू किया। जनवरी 2023 में महिला सैलून पर काम करने के दौरान गाजियाबाद के खोड़ा निवासी आसिफ अली के संपर्क में आई। दोनों में दोस्ती हो गई और मोबाइल नंबर का आदान-प्रदान किया।

## वैश्य समाज पर अपमानजनक टिप्पणी

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कस्बे के व्यापारियों ने प्रदेश के बिजली मंत्री अरविंद शर्मा द्वारा वैश्य समाज पर की गई टिप्पणी का विरोध किया है। व्यापारियों ने मंगलवार शाम को अपने प्रतिष्ठान बंद कर अग्रसेन धर्मशाला में एकत्रित होकर प्रदर्शन किया। व्यापारियों ने मंत्री की टिप्पणी को अपमानजनक बताते हुए उनसे माफी मांगने या फिर उन्हें बर्खास्त करने की मांग की है। संयुक्त व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुनील तायल ने कहा कि वैश्य समाज हमेशा से देश और प्रदेश की तरक्की में अपना योगदान देता आया है। उन्होंने कहा कि मंत्री की अशोभनीय टिप्पणी से समाज में रोष है। व्यापारी जुलूस की शक्ल में रबूपुरा कोतवाली पहुंचे। वहां उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित एक ज्ञापन कोतवाली प्रभारी को सौंपा। इस प्रदर्शन में सुनील सिंघल, साकिर खान, पवन मित्तल, टिंकू शर्मा, रजत सिंगल, रोहित गर्ग, हिमांशु गर्ग समेत कई व्यापारी मौजूद थे। व्यापारियों ने मंत्री से बिना शर्त माफी मांगने और प्रदेश सरकार से उनके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। उनका कहना है कि मंत्री की टिप्पणी से पूरे वैश्य समाज की भावनाएं आहत हुई हैं।

## बारिश ने खोली ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की पोल

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में दोपहर हुई बारिश ने प्राधिकरण के विकास दावों की पोल खोल दी। तेज बारिश के कारण जगह-जगह जलभराव की स्थिति बन गई। सबसे अधिक जलभराव औद्योगिक क्षेत्र में देखा गया। यहां सड़कें पानी से लबालब हो गईं और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस दौरान महिलाओं से भरा एक ई-रिक्शा पानी में पलट गया। हालांकि, इस हादसे में किसी को चोट नहीं आई। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्राधिकरण द्वारा मानसून से पहले कोई तैयारी नहीं की जाती। न ही नालियों की सफाई होती है। इसी कारण बारिश के समय जलभराव की समस्या उत्पन्न होती है। ग्रेटर नोएडा के तिलपत क्षेत्र में भी इसी तरह जलभराव की स्थिति देखी गई। इसके अलावा कई अन्य स्थानों पर भी पानी जमा होने की तस्वीरें सामने आईं। प्राधिकरण की ओर से इस समस्या के समाधान के लिए अभी तक कोई बयान जारी नहीं किया गया है।

## डिंपल यादव पर मौलाना की आपत्तिजनक टिप्पणी

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मैनपुरी सांसद डिंपल यादव पर मौलाना साजिद रशीद द्वारा की गई आपत्तिजनक और अभद्र टिप्पणी के विरोध में प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने डीसीपी सेंट्रल को ज्ञापन सौंपकर मौलाना साजिद रशीद के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने और उन्हें गिरफ्तार करने की मांग की। इस प्रदर्शन में समाजवादी महिलासभा की जिलाध्यक्ष डॉ. शशि यादव और पार्टी के जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी के साथ भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। सपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि जिस तरह से डिंपल यादव पर टिप्पणी की गई है यह काफी निंदनीय है। किसी भी महिला के ऊपर इस तरह की टिप्पणी करना गलत है। महिलाओं के खिलाफ ऐसी टिप्पणी करने वाले व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। सपा कार्यकर्ताओं ने मौलाना की टिप्पणी को महिला सम्मान के खिलाफ बताते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि किसी भी महिला जनप्रतिनिधि के खिलाफ इस प्रकार की अभद्र भाषा का प्रयोग अस्वीकार्य है।

## तेज रफ्तार बाइक ने पैदल युवक को मारी टक्कर

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र में सोमवार देर शाम एक दुखद हादसा हुआ। झाझर बुलंदशहर रोड पर तेज रफ्तार स्पोर्ट्स बाइक ने पैदल जा रहे युवक को टक्कर मार दी। घायल युवक की पहचान चचूरा गांव निवासी 19 वर्षीय अंकित के रूप में हुई। हादसा सोमवार शाम करीब आठ बजे हुआ जब अंकित जंगल से पैदल अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान बुलंदशहर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार स्पोर्ट्स बाइक ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि अंकित गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में बाइक पर सवार दोनों युवक भी चोटिल हुए। सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तीनों घायलों को झाझर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। अंकित की गंभीर हालत को देखते हुए परिजन उसे दूसरे अस्पताल ले गए। वहां इलाज के दौरान मंगलवार शाम उसकी मौत हो गई। मृतक युवक चार बहनों का इकलौता भाई था और ईंट भट्टे पर ट्रैक्टर चलाकर अपना गुजारा करता था। उसके पिता भी मजदूरी करके परिवार का पालन-पोषण करते हैं। पुलिस ने हादसे में शामिल बाइक को जब्त कर लिया है। बाइक सवार दोनों युवकों का अभी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने अंकित के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच जारी है।

# जमीन विवाद में हिस्ट्रीशीटर की हत्या

## सेना के रिटायर्ड फौजी ने मारी गोली, दो लोगों की हालत गंभीर

**चंदौली।** चंदौली में भरी पंचायत में हिस्ट्रीशीटर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। रिटायर्ड फौजी ने अपनी लाइसेंसी बंदूक से अंधाधुंध फायरिंग की। जिसमें दो लोग घायल हो गए। मौके पर पर अफरा-तफरा मच गई। परिजन घायलों को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। यहां से गंभीर हालत देखकर उन्हें ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची। परिजन और आसपास के लोगों से मामले की जानकारी ली। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है।

मामला सदर कोतवाली क्षेत्र के फत्तेपुर गांव का है। यहां के रहने वाले नरदेश्वर यादव का अपने भतीजे संतोष यादव से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। मंगलवार को मामले में पंचायत बुलाई



गई थी। इसमें संतोष यादव के ससुराल सोहदवार गांव से भी कुछ लोग पंचायत में आए थे।

दोनों पक्षों में बातचीत चल रही थी। इसी दौरान विवाद बढ़ गया। नरदेश्वर के बेटे रिटायर्ड फौजी मुकेश यादव ने अपनी लाइसेंसी पिस्टल से फायरिंग कर दी। जिसमें दरोगा यादव (30), रमेश यादव (35) और अंशु यादव (18) के हाथ, पैर और सीने में गोलियां लगीं। गोली चलने के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। तीनों घायल लहूलुहान होकर जमीन पर गिरकर तड़पने लगे। उन्हें जिला चिकित्सालय ले जाया गया। यहां से ट्रामा सेंटर रेफर किया गया।

संतोष यादव की छोटी बहन संध्या यादव ने बताया कि पंचायत के दौरान पड़ोसी मुकेश यादव चोरी-छिपे वीडियो बना रहे थे। जब इस बात की जानकारी संतोष यादव को हुई, तो उन्होंने अपने ससुराल सोहदवार गांव में रहने वाले रिश्तेदारों को फोन कर इसकी सूचना दी।

इसके बाद सोहदवार गांव निवासी और हमारे रिश्तेदार दरोगा यादव पंचायत में शामिल होने के लिए फत्तेपुर गांव आए। इसी दौरान मुकेश यादव ने पिस्टल से फायरिंग शुरू कर दी, जिससे तीन लोगों को गोली लग गई। संध्या यादव ने मांग की कि आरोपी को गिरफ्तार कर कानूनी प्रक्रिया के तहत फांसी की सजा दी जाए।

अपर पुलिस अधीक्षक अनंत चंद्रशेखर ने बताया कि आरोपी ने पिस्टल से आठ राउंड फायरिंग की। मृतक दरोगा यादव को सीने और पेट में गोली लगने से मौत हो गई। दरोगा यादव सैयदराजा थाने का हिस्ट्रीशीटर था। उसके खिलाफ गो-तस्करी, मारपीट समेत अन्य आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# अमरोहा में युवक को पीट-पीटकर छत से फेंका : मौके पर मौत

## पुरानी रंजिश बनी वजह, एक दिन पहले ही हुई थी मारपीट

**अमरोहा।** अमरोहा में पुरानी रंजिश को लेकर पड़ोसियों ने 22 वर्षीय युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी। आरोपियों ने पहले युवक को बुरी तरह पीटा।

सिर पर ईंट और सरिया से कई बार जोरदार प्रहार किए। इसके बाद जिंदा ही एक मंजिला मकान की छत से फेंक दिया। 12 फीट की ऊंचाई से गिरने से युवक का सिर फट गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। युवक मजदूरी का काम करता था। उसकी भाभी के बयान पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। भाभी ने बताया कि एक दिन पहले भी दोनों पक्षों में मारपीट हुई थी। पुलिस ने युवक और आरोपियों के खिलाफ 151 का चालान किया था।

### पूरा मामला पढ़िए...

गजरौला थाना क्षेत्र के मोहल्ला मायापुरी में कोशिंद (22) पुत्र सतपाल अपने परिवार के साथ रहता था। वह अविवाहिता था और दिहाड़ी मजदूरी करता था। भाभी पुष्पा ने बताया- पड़ोसियों से कोशिंद का किसी बात को लेकर पुराना विवाद चल रहा था। रविवार को भी कोशिंद की उनसे लड़ाई हुई थी। पुलिस कोशिंद और दूसरे पक्ष के आरोपियों को पकड़कर थाने ले गई थी। इसके बाद सभी का 151 में चालान करके छोड़ दिया था। पुष्पा ने बताया- सोमवार को रात 8 बजे फिर से पड़ोसियों से कोशिंद की गाली-गलौज हुई। आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी थी। परिवार के बीच बचाव के बाद वह घर आ गया था।

# खेत के कमरे में फंदे पर लटकी मिली महिला

झांसी। झांसी में मंगलवार को खेत के अंदर बने कमरे में एक महिला की लाश फंदे पर लटकी मिली है। वो घर से काम की बताकर निकली थी। घर नहीं लौटी तो परिजन तलाश में जुट गए।

दोपहर में ग्रामीण खेत पर पहुंचे तो उनको कमरे के अंदर शव लटका मिला। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि महिला ने फांसी लगाकर जान दी है। पूरा मामला बरूआसागर के घुघुवा गांव का है।

मृतका का नाम भवानी देवी (45) पत्नी हरिशंकर रायकवार था। वह बरूआसागर के घुघुवा गांव की रहने वाली थी।

परिजनों ने बताया कि मंगलवार को भवानी जरूरी काम से खेतों की तरफ गई थी। मगर लौटकर नहीं आई। देर हो जाने पर परिजनों ने तलाश शुरू कर दी। मगर उसका कोई पता नहीं चला। दोपहर बाद ग्रामीण रामकुमार नायक के खेत में बने कमरे में गए तो वहां भवानी का शव फंदे पर लटका हुआ था।

# माइग्रेन से परेशान महिला 8वीं मंजिल से कूदी

## कानपुर में सुसाइड पर पिता बोले- दर्द से रातभर रोती और तड़पती थी

**कानपुर।** कानपुर कर्नलगंज थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला माइग्रेन की बीमारी से इस कदर परेशान हो गई कि आठवीं मंजिल से कूदकर सुसाइड कर लिया। सोसाइटी के सिक्योरिटी गार्ड और अन्य लोगों ने देखा तो परिवार के लोगों को सुसाइड की जानकारी दी। इसके बाद कर्नलगंज थाने की पुलिस मौके पर जांच करने पहुंची। जांच में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। पोस्टमॉर्टम कराने के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

### देर रात तीन बजे पिता सो गए तो छज्जे से नीचे कूदकर किया सुसाइड

कर्नलगंज थाने के सामने मौजूद कॉमर्स सेंटर अपार्टमेंट की आठवीं मंजिल पर रहने वाले जहीर उल हक सिद्दकी सेवानिवृत्त शिक्षक हैं। उनकी पत्नी का करीब 40 साल पहले ही निधन हो चुका है। परिवार में बेटा शादाब है जो इंग्लैंड की एक बैंक में अधिकारी है। उनकी बेटी हुमा (44) को जन्म से ही माइग्रेन है। इसके साथ ही उसके बाएं हिस्से का चेहरा जन्म से ही काला है। पुलिस की पूछताछ में उन्होंने बताया कि बीमारी और चेहरे में कालेपन से बेटी अवसाद में रहती थी। अपनी बीमारी से इतनी ज्यादा परेशान हो गई थी इन दिनों डिप्रेशन में चल रही थी।

दो दिनों से वह खाना नहीं खा रही थी काफी समझाने के बाद भी वह मानने को तैयार नहीं थी। इसी से परेशान होकर रविवार रात करीब 3 बजे उसने घर की आठवीं मंजिल से छलांग लगा दी।

गार्ड की सूचना पर स्वजन नीचे पहुंचे और उसे पास के अपोलो अस्पताल ले गए जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

कर्नलगंज थाना प्रभारी रवीन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि स्वजन के अनुसार महिला को जन्मजात मानसिक बीमारी थी जिसकी वजह से वह अवसाद में चल रही थी जिससे परेशान होकर उसने आत्महत्या की है।

# ग्राम पंचायत अनदोखर जर्जर सड़क से निजात दिलाने की मांग

**ग्रामीणयों ने जिलाधिकारी से जांच की मांग किया है**

हरिनारायण यादव विशाल इंडिया

**गाजीपुर ।** मनिहारी विकास खण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत अन्दोखर में करीब 10 वर्ष पहले प्रायमरी स्कूल से संजय सिंह के घर तक मिट्टी खड़ंजा का निर्माण कराया गया था। यह मार्ग 90 प्रतिशत लोगों के लिए गांव से बाहर निकलने का मुख्य मार्ग है, लेकिन बरसात के मौसम में सड़क जर्जर हो गई है और बजबजा रही है। इससे मासूम बच्चों को भी अपने स्कूल जाने के लिए दिक्कत हो रही है।

### सरकार की नीति और जमीनी हकीकत

उत्तर प्रदेश सरकार हर गांव को स्मार्ट सिटी का दर्जा देने की नीति बना रही है, लेकिन अन्दोखर गांव में जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। सरकार 5 वर्ष के कार्यकाल में गांव के विकास के लिए लाखों करोड़ों रुपए खर्च करती है, लेकिन भ्रष्ट ग्राम प्रधान के एकतरफा रवैये के कारण ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाओं से भी वंचित होना पड़ रहा है।

### ग्रामीणों का विरोध

अजय सिंह, संजय सिंह, पप्पू सिंह, रोशन सिंह, रणजीत सिंह, राजेंद्र सिंह, केदार सिंह, अवधेश सिंह, नीरज सिंह समेत अन्य दर्जनों ग्रामीणों ने विरोध करते हुए जिलाधिकारी से मांग की है कि जल्द से जल्द इस समस्या से निजात दिलाई जाए। ग्रामीणों का कहना है कि जर्जर सड़क के कारण उन्हें भारी परेशानी हो रही है और उन्हें अपनी दैनिक गतिविधियों में भी परेशानी हो रही है।

### ग्रामीणों की मांग

ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि सड़क की मरम्मत कराई जाए और ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा प्रदान की जाए। ग्रामीणों को उम्मीद है कि प्रशासन उनकी समस्या का जल्द से जल्द समाधान करेगा और उन्हें राहत प्रदान करेगा।

# बुलंदशहर में 22 हजार लीटर केमिकल वाला दूध पकड़ा

**बुलंदशहर।** बुलंदशहर में स्याना अड्डे के समीप नकली दूध बनाने वाली केमिकल फैक्ट्री पकड़ी गई है। मंगलवार को खाद्य विभाग ने छापा मारा। मौके से 22 हजार लीटर सोरबिटोल केमिकल जब्त किया गया। जिसे 150 गैलन में भरकर रखा गया था। मौके से तीन और केमिकल मिले हैं। टीम ने सैंपल लिए हैं, जिसे जांच के लिए लैब में भेज दिया है। खाद्य विभाग ने बताया, एक लीटर केमिकल से 20 लीटर नकली दूध तैयार किया जा सकता है। इसे अधिक पीने से लिवर और किडनी खराब हो सकती है। पूरा मामला बुलंदशहर के स्याना अड्डे के पास का है। जिला मुख्यालय से 5 किलोमीटर दूर वीरखेड़ा गांव में राजेश्वर शर्मा रहते हैं। शहर के स्याना अड्डे के समीप इनकी फैक्ट्री है। जिसमें केमिकल बेचे जाते हैं। फर्म का जीएसटी रजिस्ट्रेशन भी नहीं है।

# युवक ने रुपयों से भरा बैग लौटा कर पेश की ईमानदारी की मिसाल

**ललितपुर।** युवक ने रुपयों से भरा बैग लौटा कर पेश की ईमानदारी की मिसाल पुलिस अधीक्षक, ललितपुर द्वारा युवक को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित 29.07.2025 को थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक सूचना प्राप्त हुई कि राकेश बडकुल नि0 नझाई बाजार कोतवाली ललितपुर जो प्रतिदिन की भांति अपनी दुकान पर जा रहे थे तथा अपने साथ एक बैग लिये थे, जिसमें कुल 8 लाख 70 हजार रूपये व हिसाब -किताव के प्रपत्र रखे हुये थे, जो रास्ते में गिर गया है। प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक, ललितपुर द्वारा तत्काल स्थानीय पुलिस बल को निर्देशित किया गया था



जिसके क्रम में पुलिस द्वारा तत्परता दिखाते हुए आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरो का फुटेज को देखा जा रहा था कि तभी कमल कुशवाहा पुत्र परमानन्द कुशवाहा नि0 मु0 रामनगर थाना कोतवाली ललितपुर ने ईमानदारी की शानदार मिसाल पेश करते हुए सड़क पर पड़े हुए रुपयों से भरे उक्त बैग को पुलिस की मौजूदगी में राकेश बडकुल उपरोक्त को सौंपा गया।

# ग्राम पड़रिया में गन्ना सट्टा प्रदर्शन कार्य का निरीक्षण

## जिला गन्ना अधिकारी ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**पीलीभीत।** जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव ने मंगलवार को पूरनपुर क्षेत्र के ग्राम पड़रिया स्थित गन्ना विकास परिषद का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गन्ना सट्टा प्रदर्शन कार्य की प्रगति का जायजा लिया और अधिकारियों को समयबद्ध व पारदर्शी ढंग से किसानों के हित में कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर पूरनपुर चीनी मिल के प्रधान प्रबंधक, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक पूरनपुर, मुख्य गन्ना अधिकारी पूरनपुर सहित कई अन्य गन्ना विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



निरीक्षण के दौरान गन्ना अधिकारी ने प्रदर्शन सट्टा में दर्ज आंकड़ों की जांच की और किसानों को बेहतर सेवाएं देने के लिए व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने की बात कही। साथ ही उन्होंने गन्ना किसानों की समस्याओं को भी ध्यानपूर्वक सुना और उनका शीघ्र समाधान कराने का आश्वासन दिया।

जिला गन्ना अधिकारी ने यह भी कहा कि गन्ना सट्टा पर्ची व्यवस्था में पारदर्शिता एवं किसानों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए ताकि किसानों को गन्ना आपूर्ति के बदले समय पर भुगतान और उचित लाभ मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे लगातार निगरानी रखें और किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई करें।

गांव के गन्ना किसानों ने इस निरीक्षण पर संतोष जताया और कहा कि यदि इसी प्रकार विभागीय अधिकारी समय-समय पर मौके पर निरीक्षण करते रहेंगे, तो गन्ना किसान ज्यादा सुरक्षित और आश्वस्त महसूस करेंगे।

# शार्ट न्यूज

## एसपी ने किया वाचक कार्यालय का निरीक्षण



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा वाचक कार्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में रखे गए अभिलेखों, रजिस्टरों एवं अन्य दस्तावेजों का गहनता से अवलोकन कर उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये ।पुलिस अधीक्षक द्वारा कार्यालय की कार्यप्रणाली में और अधिक पारदर्शिता एवं दक्षता लाने हेतु संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। उन्होंने अभिलेखों के सही रख-रखाव, समयबद्ध प्रविष्टि तथा रिकॉर्ड की नियमित जांच पर विशेष बल दिया ।निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय की साफ-सफाई एवं अनुशासन बनाए रखने की भी सराहना की एवं सतत सुधार की प्रक्रिया को अपनाने के निर्देश दिए।

## ड्रोन की अफवाहों पर पुलिस सख्त, गांव-गांव चला रही जागरूकता अभियान

**पीलीभीत।** जनपद के कई क्षेत्रों में ड्रोन देखे जाने की अफवाहों से दहशत का माहौल है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें ग्रामीणों को अफवाहों से सचेत रहने के लिए समझाया जा रहा है। ड्रोन उड़ाने के लिए अनुमति जरूरी, झूठी सूचना देने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई हाल ही में जनपद के दहगला, गौहनिया, बरखेड़ा, माधोटांडा सहित कई गांवों में ड्रोन उड़ते देखे जाने की सूचनाएं सामने आई हैं। इन अफवाहों के चलते ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया है और कई स्थानों पर लोग लाठी-डंडे लेकर सड़कों पर निकल आए। पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव के निर्देशन में पुलिस विभाग ने जिले भर में जनसंवाद अभियान चलाया है। इस अभियान के तहत क्षेत्रीय पुलिस अधिकारी व थाना प्रभारी गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। ग्रामीणों को बताया गया कि ड्रोन की सूचना मिलने पर उसकी पुष्टि के लिए फोटो या वीडियो लेकर यूपी-112 या नजदीकी थाने को तुरंत सूचित करें ।पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया है कि बिना अनुमति ड्रोन उड़ाना पूरी तरह से अवैध है। ड्रोन पायलट और उपकरण का पंजीकरण अनिवार्य है।

## लखनऊ में घर में घुसकर युवक की हत्या

**मलिहाबाद।** लखनऊ के रहीमाबाद इलाके में युवक की हत्या कर दी गई। हमलावरों ने घर में घुसकर बहन के सामने युवक पर धारदार हथियार से हमला किया। ईंट से चेहरा कूचा। बहन गिड़गिड़ाती रही, लेकिन हमलावर तब तक वार करते रहे, जब तक कि युवक की जान नहीं निकल गई। वारदात को अंजाम देकर हमलावर फरार हो गए। पीड़ित बहन की शिकायत पर 3 महिलाओं समेत 6 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। घटना सोमवार देर रात ग्राम बखतौरी में हुई। मृतक की पहचान 32 वर्षीय अमन दीक्षित पुत्र सुशील दीक्षित के रूप में हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगी है। मृतक की बहन राधिका ने बताया कि गांव निवासी पंकज दीक्षित, मंजू दीक्षित, नीरज दीक्षित, सपना दीक्षित, कल्पना दीक्षित और विमलेश दीक्षित अपने साथियों के साथ घर में घुस आए। घर में घुसते ही भाई अमन पर ईंट और बांके से ताबड़तोड़ वार कर दिया।

## मंदिर से लौट रहे युवक पर फायरिंग

**औरंगाबाद।** बुलंदशहर के औरंगाबाद थाना क्षेत्र के गांव पाली बेगपुर में सोमवार रात उस वक्त हड़कंप मच गया, जब देवी मंदिर से आरती करके लौट रहे युवक पर अज्ञात हमलावरों ने फायरिंग कर दी। 22 वर्षीय लक्ष्मण शर्मा को दो गोलियां लगीं। एक पेट में और दूसरी हाथ को छूती हुई निकल गई। गंभीर रूप से घायल युवक को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। लक्ष्मण अपने पिता दिनेश शर्मा और गांव के कुछ युवकों के साथ रास्ते में खड़ा था, तभी झाड़ियों में छिपे दो अज्ञात हमलावरों ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। लक्ष्मण गोली लगने से गिर पड़ा, जबकि उसके साथ मौजूद अन्य युवक बाल-बाल बच गए। वारदात के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। घटना के बाद रजवाना निवासी अफसार ने तत्काल घायल लक्ष्मण को अपनी कार से सीएचसी लखावटी पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने हालत गंभीर बताकर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना मिलते ही औरंगाबाद थाना प्रभारी वरुण शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आसपास के खेतों में कॉम्बिंग की।

## लखनऊ में दरोगा की मौत के बाद हंगामा

**लखनऊ।** लखनऊ के गुडंबा इलाके में दरोगा की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। पोस्टमॉर्टम के बाद शव मॉर्च्युरी के बाहर आया तो 2 पत्नियों के बीच शव लेने को लेकर विवाद हो गया। हंगामा बढ़ता देख पुलिस ने दरोगा के शव को उनके पिता को सौंप दिया। वहीं दरोगा की पहली पत्नी से बेटे ने कहा- पिता को स्लो पॉइजन देकर हत्या की गई है। जौनपुर के मछलीशहर के रहने वाले दरोगा संजय कुमार पाठक (54) उरई जिले की कोतवाली नगर में तैनात थे। वह लखनऊ के गुडंबा इलाके के आदिलनगर में अपनी दूसरी पत्नी के साथ रहते थे। सोमवार रात अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा दिया था। पहली पत्नी चंद्रकुमारी पाठक मछली शहर में रहती हैं। उनके तीन बेटियां और एक बेटा आशीष है। वहीं, दूसरी पत्नी आराधना अंसारी से संजय ने वर्ष 2016 में शादी की थी। वह आदिलनगर में ही रहती हैं। आराधना से दरोगा के दो बेटे अभिनव और अरनव हैं।

# संदिग्ध व्यक्ति को ग्रामीणों ने पकड़कर बनाया बंधक, थाने पर किया हंगामा

**पीलीभीत।** थाना गजरौला क्षेत्र के गांव पिपरिया करम में मंगलवार सुबह एक संदिग्ध व्यक्ति को घर में घुसते रंगे हाथों पकड़ लिया गया।

ग्रामीणों ने उसे बंधक बनाकर पहले पिटाई की, फिर थाने पर ले जाकर हंगामा किया और हाईवे पर जाम लगाने की कोशिश की।

मंगलवार तड़के करीब चार बजे गांव पिपरिया करम निवासी लखविंदर सिंह के घर की दीवार फांदकर एक अज्ञात व्यक्ति भीतर घुसने की कोशिश कर रहा था।

संदिग्ध गतिविधि देखकर लखविंदर ने तत्काल अपने भाई दलजीत सिंह को बुलाया, जिन्होंने ग्रामीणों की मदद से आरोपी को पकड़ लिया। युवक के पास से दो किलो आटा,



गर्म रोटियां और गांजा भी बरामद हुआ। घटना की जानकारी फैलते ही गांव के सैकड़ों लोग एकत्र होकर गजरौला थाने पहुँच गए और आरोपी पर सख्त कार्रवाई की मांग करने लगे। आक्रोशित भीड़ ने थाने में हंगामा करते हुए कुछ समय के लिए हाईवे पर जाम भी लगाया। पुलिस ने मोर्चा संभालते हुए स्थिति को नियंत्रण में लिया।थाना गजरौला अध्यक्ष जगदीप मलिक ने बताया कि पकड़े गए युवक की पहचान सूरज निषाद पुत्र लाल साहब निषाद निवासी रामपुर, जनपद देवरिया के रूप में हुई है।

क्षेत्राधिकारी दीपक चतुर्वेदी ने बताया कि संबंधित युवक के गांव के प्रधान से बातचीत में यह स्पष्ट हुआ है कि वह मानसिक रूप से अस्वस्थ है और दो-ढाई महीने से लापता था। फिलहाल युवक से पूछताछ की जा रही है और उसकी आपराधिक पृष्ठभूमि की भी जांच की जा रही है। जांच उपरांत आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## कानपुर में बाथटब में मिला युवक का शव

**कानपुर।** कानपुर में युवक का शव घर के बाथरूम में मिला। पत्नी ने पानी से भरे बाथटब में बॉडी देखी। परिजनों और पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। युवक की बेटी ने पुलिस से कहा- सोमवार रात को 2 अंकल घर आए थे। मेरे सामने पापा के सिर पर डंडा मारा, फिर भाग गए। वहीं पत्नी ने कहा- सोमवार रात शराब के नशे में आए थे। मैं सोने चली गई। सुबह उनकी बॉडी बाथरूम में देखी। युवक राजन की पत्नी मुस्लिम है। 11 साल पहले परिवार के खिलाफ जाकर लव मैरिज की थी। राजन की बॉडी पर चोट के निशान देखकर उनके भाई अमित ने अपनी भाभी पर हत्या का आरोप लगाया है। पोस्टमॉर्टम हाउस पर अमित का उसकी भाभी से विवाद भी हुआ। हालांकि पुलिस और परिजनों ने मामले को शांत कराया।

# नवागंतुक जिलाधिकारी अमनदीप डुली ने संभाला पदभार, बताई प्राथमिकताएं

## निर्माणाधीन परियोजनाओं और विकास कार्यों को तेजी से पूर्ण कराएंगे : डीएम

**ललितपुर।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2015 बैच के आईएएस अधिकारी अमनदीप डुली ने जनपद के जिलाधिकारी के रूप में मंगलवार 29 जुलाई की विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। कोषागार ललितपुर में डबल लॉक का कार्यभाग ग्रहण करते हुए नवांगत जिलाधिकारी ने अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया और अपने बारे में भी जानकारी दी।जिलाधिकारी ने बताया कि वह मूलत: अनन्थागिरी के रहने वाले हैं, वे 2015 बैच के अधिकारी हैं, जिन्हे पहली पोस्टिंग झांसी में असिस्टेंट कलेक्टर के रूप में मिली थी। दूसरी पोस्टिंग बस्ती में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रुप में, बलरामपुर में मुख्य विकास अधिकारी, गौतमबुद्धनगर में अति0 कार्यकारी अधिकारी ग्रेटर नोयडा, लखनऊ में विशेष सचिव उ0प्र0 सरकारी एपीसी



ब्रांच तथा वर्तमान में ललितपुर में जिलाधिकारी के रुप में पदभार ग्रहण कर रहे हैं। उन्होंने अपनी प्राथमिकताएं बताते हुए कहा कि जनपद में सभी निर्माणाधीन परियोजनाओं को तेजी से पूर्ण कराया जाएगा, पर्यटन स्थलों का विकास के साथ ही गौशालाओं की स्थिति सुदृण की जायेगी, अन्ना जानवरों के विचरण पर प्रतिबंध के ठोस उपाय किए जाएंगे। अवैध खनन पर अंकुश, स्वास्थ सेवाओं को और बेहतर किया जाएगा तथा प्रत्येक पात्र व्यक्ति को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर दिलाया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद के सभी अधिकारी अपने कार्यों का भलीभांति निर्वहन करें, किसी भी कार्य में अनावश्यक विलम्ब न करें। सभी कार्यों को समयसीमा के भीतर पूर्ण करें। यदि कोई व्यक्ति किसी योजना के लिए अपात्र है तो उसकी अपात्रता का कारण लिखित रुप से उस व्यक्ति को दें ताकि वह अनावश्यक यहां-वहां न भटके। इस अवसर पर इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अंकुर श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश कुमार श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अशोक कुमार यादव, मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, डीएफओ गौतम सिंह, परियोजना निदेशक दीपक यादव, उपजिलाधिकारी अवधेश सिंह, उपजिलाधिकारी महरौनी मदनमोहन गुप्ता,उप जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र विक्रम सिंह,जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी सिंह,जिला अर्थ संख्याधिकारी राजेश सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी समर सिंह,जिला कार्यक्रम अधिकारी नीरज सिंह, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अर्पित जैन, ओ एस डी अनिल दीक्षित, प्रशासनिक अधिकारी वीरेंद्र जैन, ईओ नगर पंचायत महरौनी साक्षी साहू, पत्रकार बंधुओं में अशोक गोस्वामी, रवि शंकर सेन, रविन्द्र दिवाकर, संजय ताम्रकार, विनोद मिश्रा, सूरज सिंह, सौरभ गोस्वामी, व्यापारी बंधु कमलेश सर्राफ, सुरेश बडेरा, अजय जैन उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान में लगे भूकंप के झटके

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान में सोमवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। सोमवार तड़के आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.0 रही। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) के अनुसार, भूकंप के झटके भारतीय समयानुसार सोमवार सुबह 2:06 बजे महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र इस्लामाबाद के पश्चिम में जमीन के भीतर 10 किलोमीटर की गहराई में था। पाकिस्तान, भूकंप के लिए दुनिया के सबसे संवेदनशील देशों में शामिल है, जहां कई बड़े भूकंपीय फॉल्ट स्थित हैं। इसके चलते, पाकिस्तान में अक्सर भूकंप आते हैं और विनाशकारी होते हैं। पाकिस्तान भूगर्भीय रूप से यूरेशियन और भारतीय टेक्टोनिक प्लेटों, दोनों को ओवरलैप करता है।

### वॉलमार्ट में चाकू से हमला करने वाले संदिग्ध पर आतंकवाद और हमले के आरोप दर्ज करने की मांग

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के मिशिगन राज्य में एक वॉलमार्ट में चाकू से हमला करने वाले संदिग्ध पर अधिकारी आतंकवाद और हत्या की कोशिश जैसे गंभीर आरोप लगाने की मांग कर रहे हैं। यह घटना शनिवार को ट्रैवर्स सिटी के एक वॉलमार्ट में हुई थी। इस घटना में 11 लोग घायल हो गए थे। अधिकारियों का मानना है कि हमलावर ने लोगों को बिना किसी वजह के अंधाधुंध निशाना बनाया। ग्रैंड ट्रैवर्स काउंटी शेरिफ कार्यालय के अनुसार, यह हमला शाम करीब 4:45 बजे हुआ, जब 42 साल का एक आदमी स्टोर में आया और एक फोल्डिंग चाकू से लोगों पर हमला करने लगा।

### चीन के लड़ाकू विमान फिर ताइवान की सीमा में घुसे

**बीजिंग, एजेंसी।** ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान जारी कर बताया कि चीन के लड़ाकू विमानों ने एक बार फिर उसकी संप्रभुत्ता का उल्लंघन किया और पीएलए के 4 लड़ाकू विमान ताइवान की सीमा में घुस आए। साथ ही 10 युद्धक जहाजों ने भी ताइवान के जलीय सीमा का उल्लंघन किया। ताइवान की सरकार ने बताया कि सोमवार सुबह करीब 6 बजे चीन की सेना के चार विमान ताइवान की सीमा में देखे गए। साथ ही 10 युद्धक जहाजों ने भी ताइवान की सीमा का उल्लंघन किया। ताइवान ने कहा कि वे हालात पर नजर बनाए हुए हैं और हालात के मुताबिक जवाब दिया जाएगा।

### सूडान में आरएसएफ ने बनाई वैकल्पिक सरकार, तेज हुआ गृहयुद्ध

**खार्तूम, एजेंसी।** सूडान में अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के नेतृत्व वाले गठबंधन ने वैकल्पिक सरकार के गठन का एलान किया है। इसके साथ ही गठबंधन ने देश की राजधानी खार्तूम में स्थित सैन्य अधिकारियों को सीधी चुनौती दे दी है। देश में तीन वर्षों से जारी गृहयुद्ध तेज हो गया है। अल जजीरा कि रिपोर्ट के अनुसार, खुद को सूडान संस्थापक गठबंधन (टीएएसआईएस) की नेतृत्व परिषद कहने वाले इस गठबंधन ने एलान किया है कि आरएसएफ कमांडर मोहम्मद हमदान हेमेदती दागालो 15 सदस्यीय राष्ट्रपति परिषद की अध्यक्षता करेंगे। इसमें क्षेत्रीय गवर्नर भी शामिल होंगे। टीएएसआईएस ने सूडानी राजनेता मोहम्मद हसन को प्रधानमंत्री नियुक्त किया है। पिछले काफी समय से सूडान आंतरिक संघर्ष से जूझ रहा है। इसके चलते लोगों को बेहद समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

### जंगल के बीच पटरी से उतरी ट्रेन, तीन की मौत और 50 से ज्यादा घायल, भूस्खलन की आशंका

**बर्लिन, एजेंसी।** जर्मनी के दक्षिण-पश्चिमी हिस्से में रविवार को एक बड़ा रेल हादसा हुआ। सिगमारिंगन से उल्म जा रही एक पैसेंजर ट्रेन जंगल के बीच से गुजरते समय पटरी से उतर गई। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि दर्जनों यात्री घायल हो गए। ट्रेन में करीब 100 लोग सवार थे। जर्मनी देश के समय अनुसार हादसा शाम करीब 6:10 बजे रिडलिंगन शहर के पास हुआ। जर्मन रेल ऑपरेटर डॉयचे बान ने पुष्टि की कि ट्रेन के दो डिब्बे पटरी से उतर गए। हादसे के कारणों की फिलहाल पुष्टि नहीं हो सकी है। ऑपरेटर का कहना है कि घटनास्थल पर जांच चल रही है और आसपास के 40 किलोमीटर इलाके में ट्रैफिक रोक दिया गया है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जर्मनी के कई हिस्सों में भारी बारिश और तूफान के चलते लैंडस्लाइड की आशंका जताई गई है। मौसम विभाग की चेतावनी के अनुसार, दक्षिणी जर्मनी में इन दिनों मौसम बेहद खराब बना हुआ है। घटना के तुरंत बाद राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया। फायर ब्रिगेड और मेडिकल टीमें मौके पर पहुंचीं। स्थानीय टीवी चैनल एसडब्ल्यूआर के अनुसार, कई घायलों को हेलिकॉप्टर के जरिए पास के अस्पतालों में पहुंचाया गया। कई घायल लोगों को गंभीर हालत में भर्ती किया गया है। जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने इस हादसे पर गहरा दुख जताया और मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की। उन्होंने कहा कि वे परिवहन और गृह मंत्रालय के संपर्क में हैं और बचाव कार्य के लिए हर संभव मदद दी जा रही है। साथ ही, इस हादसे ने एक बार फिर जर्मनी के रेलवे सिस्टम की खस्ता हालत पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह पहली बार नहीं है जब जर्मनी में इस तरह का हादसा हुआ है। जून 2022 में भी एक ट्रेन बवेरियन एल्प्स के पास पटरी से उतर गई थी, जिसमें चार लोगों की मौत हुई थी।

# पाकिस्तान में फ्लैश फ्लड का कहर टीवी एंकर समेत 15 लोग लापता,

## स्थानीय लोग सरकार की व्यवस्थाओं से नाराज

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के गिलगित-बाल्टिस्तान में रविवार को हाईवे पर अचानक पानी भर गया। फ्लैश फ्लड की चपेट में आई एक टीवी एंकर और उसके परिवार के सदस्यों समेत 15 लोगों के बह जाने की आशंका है। वहीं कई दिनों से प्रकृति की मार झेल रहे इस इलाके के विस्थापितों ने स्वच्छ पेयजल, बिजली, सड़क पहुंच और संचार सेवाओं की गंभीर कमी की शिकायत की है।



बाढ़ से प्रभावित डायमर की बाबूसर और थोर घाटियों में बचे लोगों ने कहा कि वे हाल के दिनों की सबसे घातक बाढ़ की चपेट में आ गए हैं, जिसमें कई लोग बेघर हो गए और उनका सारा सामान बह गया। मीडिया हाउस डॉन के मुताबिक प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि फ्लैश फ्लड से बाबूसर हाईवे पर अचानक पानी बढ़ गया और इसमें 10 से 15 पर्यटक बह गए। अब तक सात शव बरामद किए जा चुके हैं। पर्यटकों में एक निजी चैनल की टीवी एंकर, उनके पति और उनके चार बच्चे भी शामिल हैं।

गिलगित-बाल्टिस्तान सरकार के प्रवक्ता फैजुल्लाह फारक ने बताया कि एक पश्तो भाषा के टीवी चैनल की एंकर के परिवार ने अधिकारियों से संपर्क कर बताया है कि वह, उनके पति और उनके चार बच्चे लापता हैं।

फारक ने बताया कि उन्हें एंकर का एक बटुआ मिला है। वहीं, चिलास के मीनार इलाके में सिंधु नदी से एक अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ है। माना जा रहा है कि यह महिला उन पर्यटकों में शामिल है जो बाबूसर हाईवे पर आई बाढ़ में बह गए थे।

उन्होंने कहा, खोजी कुत्तों और ड्रोन की मदद से बाकी लापता लोगों की तलाश जारी है। उन्होंने मीडिया को बताया कि भारी मशीनरी का उपयोग करके मरम्मत कार्य जारी है, 15 स्थानों पर सड़क अवरुद्ध है, और उनमें से 13 स्थानों पर आंशिक रूप से मार्ग साफ कर दिया गया है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सोमवार तक राजमार्ग आंशिक रूप से यातायात के लिए फिर से खोल दिया जाएगा।

गिलगित क्षेत्र में, दान्योर नाले से आई अचानक बाढ़ के कारण मुख्य आपूर्ति पाइपलाइन और कई सिंचाई नहरें क्षतिग्रस्त होने के बाद, दान्योर और सुल्तानाबाद इलाकों के हजारों निवासी लगातार तीन दिनों तक पीने के पानी के बिना रहे। वहीं आम लोग सरकार की अनदेखी से भी खासा नाराज हैं। गिलगित के पूर्व मंत्री मुहम्मद इकबाल के नेतृत्व में क्षेत्र के बुजुर्गों ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि सरकार बार-बार आश्वासन के बावजूद बाधित जल आपूर्ति बहाल करने में विफल रही है।

उन्होंने कहा कि हालांकि निवासियों ने पाइपलाइन को अस्थायी रूप से बहाल करने में कामयाबी हासिल की थी, लेकिन बाद में आई बाढ़ ने इसे फिर से नष्ट कर दिया। उन्होंने दुख जताते हुए कहा कि अभी तक कोई मरम्मत कार्य शुरू नहीं किया गया है और सरकार को कार्रवाई के लिए एक दिन का अल्टीमेटम दिया है, अन्यथा वे विरोध प्रदर्शन शुरू करेंगे। इस बीच, घांचे जिले के कोंडस और हल्दी के निवासियों ने भी राहत सामग्री, बिजली, पेयजल और सड़क मार्ग की कमी की शिकायत की।

कोंडस में हुए विनाशकारी भूस्खलन में 50 से ज्यादा घर बह गए, जिससे कई परिवार बेघर हो गए और उन्हें भोजन, आश्रय, चिकित्सा देखभाल, और आपातकालीन सेवाओं की तत्काल आवश्यकता है। स्थानीय लोगों ने इंटरनेट की अनुपलब्धता पर भी दुख जताया, जिससे बातचीत करना या मदद के लिए फ़ोन करना और भी मुश्किल हो गया। जुटल और गिलगित-बाल्टिस्तान के अन्य बाढ़ प्रभावित इलाकों के लोगों ने भी बुनियादी सुविधाओं की कमी की शिकायत की और सरकार की धीमी प्रतिक्रिया और समय पर राहत पहुंचाने में विफलता की आलोचना की।

## हमास नेता सिनवार की विधवा फर्जी पासपोर्ट पर गाजा से भागी, तुर्किये में की दोबारा शादी

**गाजा पट्टी, एजेंसी।** हमास के पूर्व नेता याह्या सिनवार की विधवा समर मुहम्मद अबू जमर फर्जी पासपोर्ट पर गाजा से भाग निकली। अब उसने तुर्किये में दोबारा शादी कर ली है। इस्राइली समाचार एजेंसी ङ्घठ्ठद्गह्ल की रिपोर्ट में जमर के भागने और दोबारा शादी करने का दावा किया गया है।

जमर ने 2011 में सिनवार से शादी की थी। जमर ने गाजा के इस्लामिक विश्वविद्यालय से धर्मशास्त्र में स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की है। रिपोर्ट के अनुसार, समर ने फर्जी पासपोर्ट का इस्तेमाल किया और अपने बच्चों के साथ चोरी-छिपे गाजा से बाहर निकल गईं। उन्होंने एक और गाजा निवासी महिला के पासपोर्ट का इस्तेमाल किया और राफा बॉर्डर के रास्ते मिस्र गईं।

गाजा के एक व्यक्ति ने ङ्घठ्ठद्गह्ल को बताया कि समर अब गाजा में नहीं हैं, वे अब तुर्किये में हैं। उसने कहा कि गाजा से इस तरह भागना बहुत मुश्किल है और इसके लिए पैसों, मदद और ऊंचे स्तर पर संपर्क की जरूरत होती है- जो आम लोगों के पास नहीं होती।रिपोर्ट में कहा गया है कि समर ने पिछले साल अक्तूबर में याह्या सिनवार की मौत के बाद तुर्किये में दोबारा शादी की। यह शादी हमास के एक सीनियर नेता फती हम्माद ने करवाई। हम्माद पहले भी हमास नेताओं और उनके परिवारों को संघर्ष वाले इलाकों से बाहर निकालने की कोशिशों से जुड़ चुका है। रिपोर्ट के अनुसार, हमास ने गाजा में युद्ध के शुरुआती समय में अपने वरिष्ठ नेताओं के परिवारों को बाहर निकालने के लिए एक योजना बनाई थी, जिसमें फर्जी दस्तावेज और मेडिकल रिपोर्ट्स का इस्तेमाल किया गया। सिनवार के भाई मोहम्मद की पत्नी नजवा, जो कुछ समय के लिए हमास का नेतृत्व भी कर रही थीं, वह भी इसी नेटवर्क की मदद से गाजा से बाहर निकल गईं। रिपोर्ट के मुताबिक, तब से उन्हें किसी ने नहीं देखा।इस्राइल की सेना ने याह्या सिनवार को 16 अक्तूबर 2024 को गाजा के राफा इलाके में एक टूटी-फूटी इमारत में ढूंढ निकाला और मार गिराया। वीडियो फुटेज में वह धूल में सने हुए एक कुर्सी पर बैठे दिख रहा था और ड्रोन पर एक डंडी फेंकते नजर आया। बाद में सिर में गोली लगने और मलबे की चोटों से उसकी मौत हो गई।

## चीन के दबाव में सांस्कृतिक मंच हुआ राजनीति का शिकार, बदला गया ताइवान का झंडा और नाम

**टोक्यो, एजेंसी।** जापान की राजधानी टोक्यो में आयोजित इंटरनेशनल कोयर प्रतियोगिता एक बड़े राजनीतिक विवाद में घिर गई है। ताइवान ने इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में चीन द्वारा राजनीतिक दबाव डालने पर कड़ा विरोध जताया है। ताइवान का आरोप है कि चीन के हस्तक्षेप के बाद आयोजकों को उनके देश का झंडा हटाना पड़ा और नाम बदलकर चाइनीज-ताइपेई कर दिया गया। इस घटना से न केवल कलाकारों की भावनाएं आहत हुई हैं, बल्कि सांस्कृतिक मंच पर राजनीतिक दखल की आलोचना भी तेज हो गई है।

प्रतियोगिता में ताइवान के छह कोयर ग्रुप शामिल थे, जिनमें स्कूली बच्चों से लेकर वयस्क कलाकार शामिल थे। आयोजकों पर चीन के अधिकारियों ने दबाव डाला कि ताइवान का नाम बदलकर चाइनीज-ताइपेई किया जाए और राष्ट्रीय ध्वज हटाया जाए। ताइवान के प्रतिनिधि कार्यालय को शनिवार शाम इसकी जानकारी मिली, जिसके बाद एक विधायक को इस मुद्दे पर आयोजकों से बातचीत के लिए भेजा गया।जापान के सांसद केइजी फुरुया ने ताइवान की तरफ से आयोजकों से बात की और उसका पक्ष रखा। लेकिन आयोजकों ने अंततः चीन के दबाव में आकर सभी झंडे हटा दिए और नाम बदल दिए।

# दक्षिण कोरिया सरकार ने बातचीत का भेजा प्रस्ताव, किम जोंग उन की बहन बोली- कोई दिलचस्पी नहीं

**प्योंगयांग, एजेंसी।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन की बहन ने दक्षिण कोरिया की नई सरकार के उस प्रस्ताव को ठुकरा दिया है, जिसमें उसने दोनों देशों के बीच शांति स्थापित करने के लिए बातचीत की पेशकश की थी। किम जोंग की बहन ने इस प्रस्ताव को सोमवार को खारिज करते हुए कहा कि उत्तर कोरिया को दक्षिण कोरिया के साथ बातचीत करने में कोई रुचि नहीं है, चाहे उसका प्रतिद्वंद्वी कोई भी प्रस्ताव क्यों न पेश करे। किम जोंग उन की बहन किम यो जोंग की इन टिप्पणियों से फिर से यह स्पष्ट होता है कि उत्तर कोरिया का निकट भविष्य में दक्षिण कोरिया व अमेरिका के साथ किसी भी प्रकार की कूटनीतिक बातचीत करने का कोई इरादा नहीं है।



उत्तर कोरिया इस समय रूस के साथ अपने बढ़ते सहयोग पर अधिक ध्यान दे रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर उत्तर कोरिया को लगता है कि रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त होने के बाद भी वह रूस के साथ अपने संबंधों को पहले जैसा नहीं रख पाएगा तो वह अपना रुख बदल सकता है। दक्षिण कोरिया के सरकारी मीडिया की ओर से जारी बयान में किम यो जोंग ने कहा, 'हम एक बार फिर आधिकारिक रुख स्पष्ट करते हैं कि सियोल में चाहे कोई भी नीति अपनाई जाए और कोई भी प्रस्ताव रखा जाए, हमें उसमें कोई रुचि नहीं है। न ही उनसे मिलने का कोई कारण है और न ही चर्चा करने के लिए कोई मुद्दा है।'

ली जे-म्युंग सरकार की क्या नीति

यह दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे-म्युंग की सरकार की नीति के बारे में उत्तर कोरिया का पहला आधिकारिक बयान है। ली जे-म्युंग जून की शुरुआत में दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति बने थे। उत्तर कोरिया के साथ तनावपूर्ण रिश्तों को सुधारने के लिए राष्ट्रपति ली जे-म्युंग की सरकार ने कई कदम उठाए हैं। इस बीच, खबर है कि उत्तर कोरिया ने चोई ह्योन-श्रेणी के अपने तीसरे जंगी पोत के निर्माण का काम शुरू कर दिया है जिसे अगले साल अक्टूबर तक पूरा कर लिया जाएगा। यह पोत देश के सुप्रीम लीडर किम जोंग उन के उस संकल्प के तहत है जिसमें उन्होंने देश की लंबे समय से उपेक्षित नौसेना को ताकतवर बनाने के लिए हर साल बड़े पोत बनाने का निश्चय किया है। कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने बताया कि देश के पश्चिमी तट पर स्थित नाम्फो शिपयार्ड में निर्माण कार्य की शुरुआत के लिए समारोह आयोजित किया गया, जिसमें कई शीर्ष अधिकारी शामिल हुए।

## भारत की मदद के लिए मोहम्मद यूनुस ने कहा धन्यवाद, डॉक्टर्स से बोले- आपका दिल बहुत बड़ा

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने भारतीय डॉक्टर्स समेत 21 विदेशी फिजिशियन और नर्सों की टीम की जमकर तारीफ की। रविवार को मोहम्मद यूनुस ने स्टेट गेस्ट हाउस में विदेशी डॉक्टर्स की मेडिकल टीम से मुलाकात की और उनकी सेवा के लिए धन्यवाद दिया।

बीती 21 जुलाई को बांग्लादेशी वायु सेना का एक लड़ाकू विमान ढाका में एक स्कूल और कॉलेज कैंपस के बीच क्रैश हो गया था। इस विमान हादसे में 27 लोगों की मौत हो गई थी और 170 से ज्यादा घायल थे। इनमें अधिकतर छात्र थे। हादसे के बाद अंतरराष्ट्रीय मेडिकल टीम ने ढाका पहुंचकर हादसे में घायल लोगों के इलाज में मदद की। इस विदेशी डॉक्टर्स की टीम में चीन, सिंगापुर और भारत के डॉक्टर्स और नर्सें शामिल रहीं। डॉक्टर्स से मुलाकात में मोहम्मद यूनुस ने उनका आभार जताया। उन्होंने कहा कि ये टीम न सिर्फ अपनी स्किल के साथ बांग्लादेश आई बल्कि अपने बड़े दिल के साथ भी आई। इनकी मौजूदगी से न



सिर्फ साझा मानवता की पुष्टि हुई है बल्कि इस संकट के समय में वैश्विक साझेदारी का मूल्य भी पता चला है।

इस मेडिकल टीम में दस सदस्य सिंगापुर के, आठ चीन के और चार भारत से गए विशेषज्ञ शामिल रहे। हादसे में जलने से घायल हुए लोगों की मदद में इस टीम ने काफी मदद की। मोहम्मद यूनुस के स्वास्थ्य मामलों के सलाहकार प्रोफेसर सैयदुर रहमान ने कहा कि विशेषज्ञों की इस टीम की मदद से कई जिंदगियां बचाने में मदद मिली। बांग्लादेश की स्वास्थ्य सलाहकार नूरजहां बेगम ने भी विदेशी डॉक्टर्स की इस टीम से मुलाकात की और उनके काम और उनकी मदद की जमकर तारीफ की। मोहम्मद यूनुस ने डॉक्टर्स की इस टीम से अपील की कि वे बांग्लादेश के साथ संपर्क बनाए रखें और बांग्लादेश को स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर बनाने में मदद करें। इस दौरान चीन और सिंगापुर के राजदूत भी मौजूद रहे।

प्लेन क्रैश में 31 लोग मारे गए

राजधानी ढाका में 21 जुलाई को वायुसेना का एक ट्रेनी विमान माइलस्टोन स्कूल पर क्रैश हो गया था। हादसे में 31 लोगों की मौत हुई थी। इनमें 28 छात्र, 2 स्कूल स्टाफ और पायलट शामिल हैं। इसके अलावा 165 घायल हुए। इनमें से 78 की हालत गंभीर है। क्रैश हुआ फाइटर जेट चीन में बना एफ-7बीजीआई था। हादसा सोमवार दोपहर करीब 1 बजे हुआ। उस समय स्कूल में क्लासेस चल रही थीं और सैकड़ों छात्र वहां मौजूद थे। बांग्लादेशी सेना ने कहा- दुर्घटना तकनीकी खराबी के कारण हुई। पायलट ने विमान को आबादी से दूर ले जाने की कोशिश की, लेकिन यह माइलस्टोन स्कूल कैम्पस से टकरा गया।

## सीरिया में संसदीय चुनावों की तारीख की घोषणा, 15-20 सितंबर के बीच होंगे

**दमिश्क, एजेंसी।** सीरिया में संसदीय चुनावों की घोषणा कर दी गई है। चुनाव 15 से 20 सितंबर के बीच होंगे। पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद के पतन के बाद पहली बार चुनाव होंगे। चुनाव प्रक्रिया के आयोजन के लिए नियुक्त निकाय के प्रमुख ने रविवार को चुनाव के संबंध में जानकारी दी।



जनसभा चुनावों की उच्च समिति के अध्यक्ष मोहम्मद ताहा अल-अहमद ने सरकारी समाचार एजेंसी सना को बताया कि चुनाव 15 से 20 सितंबर के बीच होंगे। ये चुनाव सीरिया के लिए इसलिए खास हैं, क्योंकि दिसंबर में विद्रोहियों के तेज हमले के बाद पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद का पतन हो गया था, जिसके बाद देश की नई सरकार के तहत ये पहले चुनाव होंगे।

**210 में से एक तिहाई सीटों पर अंतरिम राष्ट्रपति करेंगे नियुक्ति :** सीरिया की संसद में कुल 210 सीटें हैं। इनमें से एक तिहाई सीटों पर अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल-शरा खुद लोगों को नियुक्त करेंगे, जबकि बाकी सीटों पर चुनाव होंगे। एक साक्षात्कार में, चुनाव समिति के एक अन्य सदस्य हसन अल-दाघिम ने बताया कि निर्वाचित सीटों के लिए मतदान करने हेतु सीरिया के प्रत्येक प्रांत में एक निर्वाचक मंडल स्थापित किया जाएगा।

मार्च में अल-शरा द्वारा हस्ताक्षरित एक अस्थायी संविधान में एक जन समिति के गठन का आह्वान किया गया था, जो एक स्थायी संविधान के पारित होने और आम चुनाव होने तक अंतरिम संसद के रूप में कार्य करेगी। इस प्रक्रिया में वर्षों लग सकते हैं।

**सांप्रदायिक हिंसा के बीच हुई चुनाव की घोषणा :** चुनाव की ये घोषणा ऐसे समय में हुई है, जब इस महीने की शुरुआत में दक्षिणी प्रांत स्वेदा में भड़की सांप्रदायिक हिंसा के बाद दमिश्क में धार्मिक और जातीय झगड़े तेज हो गए हैं। इस लड़ाई में सैकड़ों लोग मारे गए और सीरिया के युद्धोत्तर नाजुक संक्रमण के खतरे में पड़ गए। दो हफ्ते पहले सशस्त्र बेडौइन कबीलों और ड्रूज धार्मिक अल्पसंख्यकों के लड़ाकों के बीच हुए अपहरणों के बाद हिंसक झड़पें शुरू हो गईं।

# भूख से बिलखते बच्चे, इजरायल की पसीजा दिल, गाजा में 10 घंटे के लिए लड़ाई रोकने की शुरुआत

**गाजा, एजेंसी।** इजरायल की सेना ने गाजा के तीन घनी आबादी वाले क्षेत्रों में प्रतिदिन 10 घंटे के लिए लड़ाई रोकने की शुरुआत कर दी है। यह कदम इस क्षेत्र में बढ़ती भुखमरी की चिंताओं मद्देनजर उठाया गया है। इजरायल 21 महीने से चल रहे युद्ध में अपने आचरण की वजह से अंतरराष्ट्रीय आलोचना का सामना कर रहा है। इजरायली सेना ने कहा है कि वह बड़ी आबादी वाले गाजा सिटी, दीर अल-बलाह और मुवासी में सीमित समय के लिए युद्ध रोकेगी, ताकि मानवीय सहायता का दायरा बढ़ाया जा सके। यह रोक रविवार से शुरू होकर अगली सूचना तक हर दिन सुबह 10:00 बजे से रात 8:00 बजे तक रहेगी।

सेना के मुताबिक, वह सहायता पहुंचाने के लिए सुरक्षित मार्ग बनाएगी। पहले ही गाजा में हवाई मार्ग से सहायता पहुंचाया है जिसमें आटा, चीनी और डिब्बाबंद खाद्य सामग्री शामिल है।



खाद्य विशेषज्ञ महीनों से गाजा में भुखमरी के खतरे की चेतावनी दे रहे हैं क्योंकि इजरायल ने सहायता पर रोक लगा दी थी। उनका कहना है कि हमास अपने शासन को मजबूत करने के लिए दैनिक उपयोग की वस्तुओं में गबन करता है। हालांकि, इस दावे के लिए कोई सबूत नहीं दिया गया है। हाल के दिनों में गाजा से कमजोर बच्चों की तस्वीरें सामने आई थीं, जिसके बाद इजरायल की वैश्विक आलोचना तेज हो गई। आलोचना करने वालों में उसके करीबी भी हैं और उन्होंने युद्ध और इससे उत्पन्न मानवीय त्रासदी को समाप्त करने का आह्वान किया है।

संयुक्त राष्ट्र की खाद्य एजेंसी ने सहायता प्रतिबंधों में ढील देने के कदमों का स्वागत किया, लेकिन कहा कि गाजा में जरूरतमंद सभी लोगों तक सामान पहुंचाने के लिए व्यापक युद्धविराम की आवश्यकता है। इजरायल ने स्पष्ट किया है कि वह अन्य इलाकों में हमास के खिलाफ अपना अभियान जारी रखे हुए है। इससे पहले, गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि इजरायल के अलग-अलग हमलों में कम से कम 27 फलस्तीनी मारे गए हैं। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के महानिदेशक डॉ. मुनीर अल-बुर्श ने कहा, 'यह युद्धविराम तब तक निरर्थक रहेगा, जब तक यह जीवन बचाने का एक वास्तविक अवसर न बन जाए।' स्वास्थ्य मंत्रालय के महानिदेशक ने कुपोषित बच्चों के इलाज में मदद के लिए चिकित्सा आपूर्ति और अन्य सामान पहुंचाने का आह्वान किया। बुर्श ने कहा कि इसमें देरी का मतलब और लोगों की मौत होगा। इजरायल का कहना है कि अगर हमास आत्मसमर्पण कर दे, हथियार डाल दे और क्षेत्र को छोड़ दे, तो वह युद्ध समाप्त करने के लिए तैयार है। हालांकि, समूह ने इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया है।

# इंग्लैंड-भारत टेस्ट के दौरान पाकिस्तानी फैन की टी-शर्ट को लेकर खड़ा हुआ विवाद

**मैनचेस्टर (एजेंसी)।** लंकाशायर ने कहा है कि वे उस घटना की जांच कर रहे हैं जिसमें ओल्ड ट्रैफर्ड में इंग्लैंड और भारत के बीच चौथे टेस्ट मैच में एक प्रशंसक को अपनी पहनी हुई पाकिस्तानी शर्ट को ढकने के लिए कहा गया था। पाकिस्तानी मीडिया में फारुख नजर नाम से मशहूर इस प्रशंसक ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें उससे मैदान पर मौजूद सुरक्षा स्टाफ के एक सदस्य ने अनुरोध किया है कि वह अपनी टी-शर्ट को ढक दे, जो पाकिस्तान की पारंपरिक हरे रंग की सीमित ओवरों की टी-शर्ट है।

खुद को लंकाशायर का कर्मचारी बताने वाला सुरक्षा गार्ड कहता है, 'नियंत्रण कक्ष ने मुझसे पूछा है कि क्या आप कृपया उस टी-शर्ट को ढक सकते हैं। बाद में एक प्रबंधक को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि टी-शर्ट %राष्ट्रवादी मानी जा सकती है%। वीडियो में नजर को बार-बार टी-शर्ट ढकने के अनुरोधों के कारण लगातार परेशान होते देखा जा सकता है। आखिरकार, एक पुलिस अधिकारी उसके पास आता है और उसे स्टैंड से दूर बातचीत जारी रखने के लिए कहता है। खबरों के मुताबिक नजर ने अपनी टी-शर्ट छिपाने के बजाय मैदान से बाहर जाने का फैसला किया।

भारत और पाकिस्तान के बीच वर्षों से ठंडे पड़े राजनीतिक संबंध इस साल मई में दोनों देशों के बीच हुई एक संक्षिप्त सैन्य झड़प के बाद सबसे तनावपूर्ण रहे हैं। ये तनाव बीसीसीआई और पीसीबी के बीच संबंधों में भी उभरे हैं। दोनों पक्षों ने 2012-13 से कोई द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेली है और 2007-08 से कोई टेस्ट क्रिकेट नहीं खेला है। दोनों देशों द्वारा आयोजित आईसीसी आयोजनों में उनकी भागीदारी भी हाल ही में समस्याग्रस्त हो गई है, क्योंकि इस समस्या के एक मिश्रित समाधान के रूप में उनके मैचों के आयोजन के लिए एक तटस्थ स्थान को जोड़ा गया है।

यह स्पष्ट नहीं है कि ड्रॉ पर समाप्त हुए टेस्ट मैच के किस दिन यह घटना थी, लेकिन लंकाशायर ने पुष्टि की है कि वे इसकी जांच कर रहे हैं। लंकाशायर के प्रवक्ता ने कहा, 'हम संबंधित घटना से अवगत हैं और मामले से जुड़े तथ्यों और संदर्भ को पूरी तरह समझने के लिए कदम उठा रहे हैं।% हाल के वर्षों में लंकाशायर ने भारत के साथ अपने संबंध मजबूत करने की खुलकर बात की है। इस मैदान पर स्थित द हंड्रेड टीम, मैनचेस्टर ओरिजिनल्स का 70त्न स्वामित्व संजीव



गोयनका के आरपीएसजी समूह के पास जाने वाला है जो आईपीएल में लखनऊ सुपर जायंट्स का संचालन करता है। लंकाशायर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, डैनियल गिडनी ने 100 गेंदों वाले इस टूर्नामेंट में बीसीसीआई को हिस्सेदारी देने का सुझाव दिया है।

## दिव्या देशमुख की ऐतिहासिक जीत पर देशभर से बधाइयों की बौछार, प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और आनंद समेत कई दिग्गजों ने दी शुभकामनाएं



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** फीडे महिला विश्व शतरंज चैंपियनशिप 2025 में भारत की युवा इंटरनेशनल मास्टर दिव्या देशमुख ने इतिहास रचते हुए खिताब जीत लिया है। इस ऐतिहासिक जीत पर पूरे देश में उत्साह की लहर है। भारत की राजनीति, खेल और समाज के शीर्ष नेतृत्व ने दिव्या और उपविजेता कोनेरू हम्पी को बधाइयाँ दी हैं और भारतीय महिला शतरंज की इस उपलब्धि को 'स्वर्णिम युग' की शुरुआत बताया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर कहा, ÷एक ऐतिहासिक फाइनल जिसमें दो शानदार भारतीय शतरंज खिलाड़ी आमने-सामने थीं! 19 वर्ष की दिव्या देशमुख पर गर्व है जिन्होंने महिला विश्व शतरंज चैंपियन 2025 बनकर असाधारण उपलब्धि हासिल की। यह जीत कई युवाओं को प्रेरित करेगी। हम्पी ने भी पूरे टूर्नामेंट में जबरदस्त खेल दिखाया। दोनों को शुभकामनाएं।'

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी दिव्या को पहली भारतीय महिला विश्व कप विजेता बनने पर बधाई दी और हम्पी की स्थायी उत्कृष्टता की सराहना करते हुए कहा, 'दोनों भारतीय खिलाड़ियों का फाइनल में पहुँचना इस बात का प्रतीक है कि देश में विशेष रूप से महिलाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है।'

नेता प्रतिपक्ष कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने इस मौके को ÷एक गर्वित राष्ट्र का पल÷ बताया और लिखा, ÷दो भारतीय महिलाएं, एक विश्व मंच। दिव्या ने 19 साल की उम्र में जो हासिल किया, वह असाधारण है। हम्पी ने भी इस फाइनल को ऐतिहासिक बना दिया।'

भारत के पाँच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने दिव्या को जीत, ग्रैंडमास्टर बनने और कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में स्थान पक्का करने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा, 'यह मानसिक मजबूती की अद्भुत परीक्षा थी। हम्पी ने एक बार फिर दिखाया कि वह कितनी बड़ी चैंपियन हैं। यह भारतीय शतरंज, खासकर महिला शतरंज का शानदार उत्सव था।

# आईपीएल 2026 से पहले केकेआर को बड़ा झटका, टीम का प्रमुख सदस्य हुआ अलग




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल के अगले सीजन को शुरू होने में अभी काफी समय बाकी है। इससे पहले आईपीएल 2024 की विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स को एक बड़ा झटका लग गया है। दरअसल, हेड कोच चंद्रकांत पंडित ने फ्रेंचाइजी से अलग होने का फैसला कर लिया है। उन्हें अगस्त 2022 में टीम का हेड कोच नियुक्त किया था। पंडित ने ब्रेंडन मैकुलम की जगह ली थी। 2026 में अब वो इस टीम के लिए कोच की भूमिका नहीं निभाएंगे।

बता दें कि, आईपीएल 2025 में टीम का प्रदर्शन काफी निराशाजनक रहा। अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में टीम प्लेऑफ में भी जगह बनाने में सफल नहीं हो पाई थी। केकेआर ने 14 में से सिर्फ 5 मुकाबले जीते थे और अंक तालिका में आठवें पायदान पर रही थी। फैंस टीम के इस तरह के लचर प्रदर्शन से काी नाखुश थे।

केकेआर ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट के जरि चंद्रकांत के टीम से अलग होने की वजह से बताई है। फ्रेंचाइजी के मुताबिक, चंद्रकांत ने नए अवसर तलाशने के लिए ये निर्णय लिया है। फ्रेंचाइजी ने अपने हेड कोच को विदा देते हुए लिखा। केकेआर ने लिखा कि चंद्रकांत पंडित अब केकेआर के हेड कोच के रूप में बरकरार नहीं रहेंगे। उन्होंने नए अवसर तलाशने का निर्णय लिया है। हम उनके योगदान के लिए आभारी हैं। खासकर 2024 में टीम को आईपीएल खिताब दिलाने और एक मजबूत, जुझारू टीम बनाने में मदद करने के लिए। उनकी नेतृत्व क्षमता और अनुशासन ने टीम पर गहरा असर छोड़ा है। हम उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हैं।

# 'पांचवें टेस्ट में जाने के लिए काफी आत्मविश्वास' : पार्थिव पटेल ने चौथे मैच में भारत की वापसी पर की बात

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज पार्थिव पटेल का मानना है कि मैच की शुरुआत में चुनौतियों का सामना करने के बावजूद भारत ने चौथे टेस्ट में सराहनीय प्रदर्शन किया। टीम के समग्र प्रदर्शन पर विचार करते हुए पार्थिव ने कहा कि इंग्लैंड की पहली पारी के दौरान एक खास दौर को छोड़कर, वह ज़्यादा कुछ बदलना नहीं चाहेंगे।



उन्होंने कहा, 'भारत ने इस टेस्ट मैच में जिस तरह से खेला, उसे देखते हुए मैं ज़्यादा कुछ नहीं बदलना चाहूंगा लेकिन अगर आप पूछें कि क्या बेहतर किया जा सकता था, तो मैं कहूंगा कि दूसरे दिन इंग्लैंड की बल्लेबाजी का दौर।% उन्होंने कहा कि उस दौरान भारत की गेंदबाजी में तेजी और सटीकता की कमी थी। उन्होंने कहा, 'उस दौरान भारत की गेंदबाजी में निरंतरता की कमी थी और विकेट के दोनों ओर थोड़ी भटकाव था। यहीं पर कुछ सुधार संभव था।'

पार्थिव ने इंग्लैंड के पहली पारी के 669 रनों के पहाड़ के बाद कठिन परिस्थितियों में भारतीय टीम के जज्बे और दृढ़ता की सराहना की। उन्होंने कहा, 'बाकी, यह भारत के लिए एक बहुत अच्छा टेस्ट मैच रहा है, खासकर टॉस के बाद की स्थिति को देखते हुए। लगभग सब कुछ भारत के खिलाफ जाता दिख रहा था - जब भारत बल्लेबाजी करने गया, तो बादल छाए हुए थे; जब इंग्लैंड बल्लेबाजी के लिए उतरा, तो सूरज चमक रहा था, जिसने भारत के काम को और भी कठिन बना दिया।'

बाधाओं के बावजूद पार्थिव ने भारतीय टीम के जोशपूर्ण वापसी की प्रशंसा की, जो उनके अनुसार श्रृंखला के अंतिम मैच से पहले एक अच्छा संकेत है। उन्होंने कहा, 'फिर भी जिस तरह से भारत ने वापसी की, उससे पांचवें टेस्ट में जाने के लिए काफी आत्मविश्वास है।'

आखिरी दिन रवींद्र जडेजा ने नाबाद 107 रन और वाशिंगटन सुंदर ने नाबाद 101 रनों की पारी खेलकर अपना पहला शतक पूरा किया। दोनों की 203 रनों की अटूट साझेदारी ने भारत को मैच बचाने और अंतिम टेस्ट से पहले श्रृंखला को जीवंत रखने में मदद की। चार टेस्ट मैचों की समाप्ति के बाद भारत 1-2 से पीछे चल रहा है और पांच मैचों की श्रृंखला के आखिरी मुकाबले के लिए दोनों टीमें लंदन लौट रही हैं।

## ऑस्ट्रेलिया ने पांचवें टी20 में वेस्टइंडीज को तीन विकेट से हराया, 5–0 से टी20 सीरीज जीती

सेंट किट्स । ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम ने वेस्टइंडीज को पांचवें टी20 मैच में तीन विकेट से हराकर सीरीज में 5–0 से जीत हासिल की है। इस अंतिम मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज करते हुए मेजबान वेस्टइंडीज की टीम ने 19.4 ओवरों में 170 रन बनाये। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने ये लक्ष्य तीन ओवर पहले ही हासिल कर लिया। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए मेजबान टीम के बल्लेबाज ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों के सामने टिक नहीं पाये। कप्तान शाई होप दो अंकों तक भी नहीं पहुंच पाये। वहीं ब्रैंडन किंग 11, कीसी कार्टी 1 और शेरफेन रदरफोर्ड 35 रन बनाकर पेवेलियन लौटे। इसके बाद शिमरोन हेटमायर ने जेसन होल्डर के साथ पांचवें विकेट के लिए 47 रन बनाकर टीम को संभाला। हेटमायर ने तीन छक्के और तीन चौके लगाकर 31 गेंदों में 52 रन बनाये। वहीं जेसन होल्डर ने 20 रन बनाये। ऑस्ट्रेलिया की ओर से बेन ड्वारशुइस ने तीन जबकि नाथन एलिस ने दो विकेट लिए। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने 17 ओवरों में ही मैच जीत लिया। कंगारुओं की शुरुआत भी खराब रही और उसने 60 के स्कोर तक अपने चार विकेट खो दिए थे। इसके बाद कैमरून ग्रीन ने मिचेल ओवन के साथ मिलकर पांचवें विकेट के लिए 63 रन बनाकर टीम को संभाला। ग्रीन ने 18 गेंदों में 32 रन बनाये जबकि मिचेल ओवन ने 17 गेंदों में 37 रन बनाये। आरोन हार्डी ने 25 गेंदों में 28 रन बनाये। मेजबान टीम की तरफ से अकील हुसैन को तीन जबकि अल्जारी जोसेफ और जेसन होल्डर को दो–दो विकेट मिले।

## अगले माह ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी भारतीय पुरुष हॉकी टीम

नई दिल्ली । भारतीय पुरुष हॉकी टीम 15 से 21 अगस्त तक पर्थ में होने वाली चार मैचों की सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी। विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर काबिज भारतीय टीम 15, 16, 19 और 21 अगस्त तक होने वाले इन मुकाबलों में बेहतर प्रदर्शन कर आगामी एशिया कप के लिए अपनी तैयारियों को बेहतर करेगी। एशिया कप का आयोजन 29 अगस्त से 7 सितम्बर तक बिहार के राजगीर में होना है। एशिया कप इसलिए भी अहम है क्योंकि इसमें प्रदर्शन के आधार पर अगले वर्ष के एफआईएच विश्व कप में सीधे क्वालीफाई करने का अवसर मिलेगा। भारतीय टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने ऑस्ट्रेलिया दौरे को लेकर कहा, ''यह दौरा बिहार में होने वाले हीरो एशिया कप से ठीक पहले होने से टीम ओ अपनी तैयारियों का आंकलन करने का बेहतर अवसर मिलेगा। ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम के खिलाफ खेलने से टीम को अपनी कमजोरियों के साथ ही अपनी क्षमताओं का भी पता चलेगा।'' हाल ही में यूरोप में एफआईएच प्रो लीग में भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया के हाथों करीबी हार को सामना करना पड़ा था।

## अंतिम टेस्ट में ब्रैडमैन का रिकार्ड तोड़ सकते है शुभमन



लंदन । भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल अब तक इंग्लैंड दौरे पर बेहद सफल रहे हैं। शुभमन ने हर मैच में एक नई उपलब्धि हासिल की है। अब उनके पास ओवल में 31 जुलाई से शुरु हो रहे अंतिम क्रिकेट टेस्ट मैच में एक और रिकार्ड अपने नाम करने का अवसर है। शुभमन ने इस सीरीज में अबतक चार शतक लगाने के साथ ही 700 से अधिक रन बनाये हैं। अब उन्हें एक सीरीज में सबसे अधिक रनों का ऑस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज सर डॉन ब्रैडमैन का रिकार्ड तोड़ने के लिए केवल 89 रनों की जरुरत है। शुभमन ने अब तक इस सीरीज में 722 रन बनाये हैं। वहीं ब्रैडमैन ने 88 साल पहले साल 1936/37 की एशेज सीरीज में 810 रन बनाए थे। भारतीय कप्तान 89 बनाते ही एक टेस्ट सीरीज में 811 रन बनाने वाले पहले कप्तान बन जाएंगे। ऐसे में शुभमन जब ओवल में खेलने के लिए उतरेंगे तो उनकी नजरें ब्रैडमैन से आगे निकलने पर रहेंगी। जिस प्रकार का प्रदर्शन उन्होंने तक किया है। उसको देखते हुए क्रिकेट प्रेमियों को पूरी उम्मीद है कि शुभमन सबसे अधिक रनों का रिकार्ड आसानी से बना देंगे। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में अब तक सिर्फ पांच कप्तान ऐसे रहे हैं जिन्होंने एक टेस्ट सीरीज में 722 या उससे ज्यादा रन बनाए हैं। शुभमन गिल इस लिस्ट में अब छठे पायदान पर हैं, पर वह अंतिम टेस्ट के बाद पहले नंबर पर पहुंच सकते हैं।

# अश्विन का पांचवे टेस्ट से पहले कप्तान गिल को सूझाव, कृपया यह फैसला लेकर अब सुधार करो

**मैनचेस्टर (एजेंसी)।** भारत के दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने शुभमन गिल की बतौर बल्लेबाज तारीफ की लेकिन वह चाहते है कि वह रणनीतिक रूप से मजबूत कप्तान बने। इसलिए अश्विन ने गिल को टीम में कुछ बदलाव करने के लिए सूझाव दिया।

अश्विन के अनुसार गिल और मुख्य कोच गौतम गंभीर ने बल्लेबाजी की गहराई बढ़ाने का फैसला किया है लेकिन उनके पास विकेट लेने के पर्याप्त विकल्प नही है। कुलदीप यादव ने अभी तक इस दौरे पर कोई मैच नहीं खेला। पांचवे टेस्ट से पहले वह चाहते है कि भारत ये बदलाव करे क्योंकि उनका लक्ष्य सीरीज 2-2 से बराबर करना है।




अश्विन ने कहा, 'अब सुधार कीजिए और कृपया फैसला लीजिए। इस फैसले के बाद भी आप हार सकते हैं, लेकिन फैसला लीजिए, क्योंकि टेस्ट मैच बल्लेबाजी की गहराई से नहीं जीते जाते, बल्कि बल्लेबाजी की गहराई से ड्रॉ होते हैं। टेस्ट मैच उन गेंदबाजों की मदद से जीते जाते हैं जिनमें विकेट लेने की क्षमता होती है।'

उन्होने यह भी बताया कि कैसे दौरे से पहले गिल की आलोचना की गई थी और उनकी तकनीक पर सवाल उठाए गए थे। अश्विन ने 25 वर्षीय गिल को अपनी बल्लेबाजी पर पूरी तरह नियंत्रण रखने के लिए सराहना की।

अश्विन ने आगे कहा, 'शुभमन गिल का क्या ही शानदार शतक। उन्होंने एक बार फिर साबित कर दिया है कि उन्होंने अपनी तकनीक पर काम किया है। कप्तान के तौर पर उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा, जिस तरह से उन्होंने वाशिंगटन सुंदर को देर से बुलाया वह एक बड़ी रणनीतिक गलती थी, लेकिन ऐसा होता है। वह एक युवा कप्तान हैं और गलतिया करके ही सीखेंगे, और मुझे उम्मीद है कि वह तेज़ी से सीखें।'

'गिल ने सभी चीजों को एक तरफ रखते हुए एक बल्लेबाज के रूप में मैदान पर उतरकर प्रमुख पारिया खेली। उन्होंने बर्मिंघम में रन बनाए, जब भारत 0-1 से पीछे था तब उन्होंने बड़ा स्कोर बनाया। उन्होंने हेडिंग्ले में भी रन बनाए। हम लॉर्ड्स में हार गए थे और कई लोगों ने उनकी बल्लेबाजी पर सवाल उठाए। जब सब कुछ नीचे था, तब वह क्रीज़ पर आए, पूरे नियंत्रण में रहे और शानदार बल्लेबाजी की। हा, उन्हें कुछ जीवनदान मिले, लेकिन मुझे लगता है कि वह शानदार थे।'

## ओवल में मिल सकता है अभिमन्यु को अवसर

इंग्लैंड । बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन को इंग्लैंड दौरे पर अब तक एक भी मैच में अवसर नहीं मिला है। अभिमन्यु पिछले चार साल से टीम के साथ हैं पर उन्हें अब तक डेब्यू का मौका नहीं मिला है जबकि उनका घरेलू क्रिकेट का रिकार्ड अच्छा है। इंग्लैंड लायंस के खिलाफ भी अभिमन्यु ने भारत ए टीम की कप्तानी की थी। उसके सामने ही 15 खिलाड़ियों को डेब्यू का अवसर मिल है पर वह बैंच पर ही बैठा अपनी बारी का इंतजार करता रह गय है। इस दौरान तीन कोच और कप्तान तक बदले हैं पर किसी ने भी उसे अवसर नहीं दिया है। वहीं अब 31 जुलाई से ओवल में होने वाले पांचवे व अंतिम टेस्ट में अभिमन्यु को अवसर मिल सकता है। इस मैच में अगर करुण नायर बाहर रहे तो अभिमन्यु को उनकी जगह मिल सकती है। इस बल्लेबाज ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 27 शतक दर्ज हैं और 7,841 रन बनाये हैं। वहीं 31 अर्धशतक भी उनके नाम हैं। अभिमन्यु ईश्वरन के



रिकॉर्ड को देखें तो वह इस सीरीज में डेब्यू करने वाले साई सुदर्शन के घरेलू रिकॉर्ड से कहीं आगे हैं। सुदर्शन ने अभी तक कुल 30 फर्स्ट क्लास मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 36 की औसत से खेलते हुए 1987 रन बनाए हैं। वहीं, अभिमन्यु का बैटिंग औसत 103 मैच खेलने के बावजूद 54 का है। 51 पारियों में सुदर्शन सिर्फ 7 शतक और 5 अर्धशतक ही लगा सके हैं। अनुभव से लेकर बल्लेबाज रिकॉर्ड तक में अभिमन्यु सुदर्शन से कहीं ज्यादा आगे हैं। वहीं पूर्व क्रिकेटर सबा करीम का ये मानना है कि सुदर्शन सिर्फ इसलिए लाइमलाइट में आ गए, क्योंकि आईपीएल 2025 में उनका प्रदर्शन जोरदार रहा था अब कोई टीम अभिमन्यु को आईपीएल में नहीं लेती तो इसका मतलब ये नहीं कि वो बल्लेबाज खराब है। अभिमन्यु ईश्वरन पिछले लगभग 4 साल से स्क्वॉड में आते हैं और पानी पिलाकर घर लौट जाते हैं। ड्रेसिंग रूम में अभिमन्यु ने समय तो बहुत बिता लिया है, लेकिन टीम इंडिया की जर्सी में खेलने का सपना अब तक साकार नहीं हुआ है। इस क्रिकेटर के सामने ही यशस्वी जायस्वाल रजत पाटीदार, ईशान किशन जैसे युवा बल्लेबाज बल्लेबाजों ने डेब्यू किया है।

## हांगकांग की टीम के कोच बने श्रीलंका के कौशल सिल्वा



कोलंबो । श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर कौशल सिल्वा अब हांगकांग की पुरुष क्रिकेट टीम के नया मुख्य कोच की भूमिका में नजर आयेंगे। हांगकांग क्रिकेट बोर्ड ने एशिया कप 2025 को देखते हुए सिल्वा को कोच की जिम्मेदारी दी है। सिल्वा ओपनर और विकेटकीपर रहे हैं। अब वह एशिया कप से पहले हांगकांग की टीम को बेहतर प्रदर्शन के लिए टिप्स देंगे। एशिया कप 2025 में हांगकांग को ग्रुप बी में श्रीलंका, अफगानिस्तान और बांग्लादेश के साथ जगह मिली है। ऐसे में सिल्वा की जिम्मेदारी टीम को इन मुकाबलों के लिए तैयार करना रहेगा। सिल्वा के करियर की बात करें तो उन्होंने 2011 में पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट डेब्यू किया था। वे 7 साल तक श्रीलंका की टेस्ट टीम का हिस्सा रहे। इस दौरान उन्होंने कुल 39 टेस्ट मैच खेले और 74 पारियों में 28.36 की औसत से 2099 रन बनाए। उनके नाम टेस्ट क्रिकेट में 3 शतक और 12 अर्धशतक दर्ज हैं। 2019 में क्रिकेट को अलविदा कहने के बाद वह कोच बन गये। उनके पासा श्रीलंका, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया में घरेलू टीमों की कोचिंग का अनुभव लिया हालांकि वह पहली बार किसी अंतरराष्ट्रीय टीम को कोचिंग देते नजर आएंगे। हांगकांग की टीम ने अब तक चार बार एशिया कप में भाग लिया है।

# इंग्लैंड में जिस तरह की क्रिकेट खेली, वह गर्व की बात : गौतम गंभीर




**लंदन (एजेंसी)।** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा है कि इंग्लैंड का दौरा हमेशा कठिन होता है लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि इस श्रृंखला में जिस तरह की क्रिकेट खेली गई है, उस पर हर क्रिकेटप्रेमी को गर्व होगा। गंभीर श्रृंखला के दौरान टीम के समर्थन के लिये प्रशंसकों को धन्यवाद देने के लिए सोमवार को इंडिया हाउस में संबोधित कर रहे थे। भारत ने चौथे टेस्ट में जीत की कगार पर पहुंचकर मैच ड्रॉ कराया था।

गंभीर ने कहा, 'इंग्लैंड का दौरा हमेशा कठिन होता है क्योंकि दोनों देशों के बीच इतिहास ऐसा है जिसे भुलाया नहीं जा सकता। हमने जब भी ब्रिटेन का दौरा किया है, हमें प्रशंसकों का अपार समर्थन मिला है। हम किसी भी चीज को हलके में नहीं लेते।' उन्होंने कहा, 'पिछले पांच सप्ताह दोनों टीमों के लिए काफी रोमांचक रहे हैं। श्रृंखला में जिस तरह की क्रिकेट खेली गई है, उस पर हर क्रिकेटप्रेमी को गर्व होगा।'

लंदन में भारतीय उच्चायोग द्वारा भारतवंशियों के स्वागत समारोह में भारतीय टीम का समुदाय के नेताओं, सांसदों और खेलप्रेमियों ने जबर्दस्त स्वागत किया। भारत और इंग्लैंड के बीच निर्णायक पांचवां टेस्ट ओवल पर बृहस्पतिवार से खेला जाएगा। गंभीर ने कहा, 'दोनों टीमों ने काफी प्रतिस्पर्धी प्रदर्शन किया है। हमारे पास एक सप्ताह और है और हम पूरा प्रयास करेंगे कि देशवासियों और यहां मौजूद लोगों को गर्व करने का मौका दें।'

इंग्लैंड में भारत के उच्चायुक्त विक्रम दुरइस्वामी ने कहा कि टीम ने श्रृंखला में जिस तरह का जुझारूपन दिखाया है, वह विषमताओं से लड़ने की देश की इच्छाशक्ति का परिचायक है। उन्होंने कहा, 'यह शानदार श्रृंखला रही है और बेहतरीन भावना के साथ खेली गई। सारे मैच पांच दिन तक चले और रोमांचक रहे। हमारी टीम ने जिस तरह का जुझारूपन दिखाया है, वह नए भारत के जीवट का प्रतीक है। पांचवें टेस्ट का परिणाम चाहे जो हो, हमें अपनी टीम पर गर्व है।'

समारोह के आखिर में कमेंटेटर और पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कप्तान शुभमन गिल समेत कुछ खिलाड़ियों के साथ बातचीत सत्र का संचालन किया। श्रृंखला में अब तक 700 से ऊपर रन बना चुके गिल ने कहा, 'श्रृंखला शुरू होने से पहले मुझे लगा कि मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पा रहा हूं। मैने अपने खेल पर काफी काम किया और मैं खुद को साबित करना चाहता था।'

## कुलदीप को अंतिम टेस्ट में भी शायद ही अवसर मिले

मैनचेस्टर । चाइनामैन स्पिनर कुलदीप यादव को इंग्लैंड दौरे में अब तक जगह नहीं मिली है ओर जिस प्रकार का प्रदर्शन अभी तक स्पिन ऑलराउंडरों रविन्द्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर ने किया है। उसको देखते हुए कुलदीप को अंतिम मैच में भी शायद ही जगह मिले। कुलदीप को टीम में तभी जगह मिल सकती है। जब टीम तीन स्पिनरों के साथ खेले और ऐसी संभावना कम ही है। अब तक इस सीरीज में कुलदीप को बाहर रखे जाने के कारण टीम संतुलन बताया गया। कोच ओर कप्तान ने माना है कि कुलदीप काफी अच्छे कलाई के स्पिनर हैं परन्तु तेज पिचों को देखते हुए उन्हें अवसर नहीं मिल पा रहा। सुंदर को उनपर वरीयता इसलिए दी जा रही है क्योंकि सुंदर गेंदबाजी के साथ ही अच्छी बल्लेबाजी भी करते हैं। मैनचेस्टर में उन्होंने शतक लगाकर रविन्द्र जडेजा के साथ लंबी साझेदारी की थी। ओल्ड ट्रैफर्ड के मैदान पर डेब्यू करने वाले अंशुल कंबोज कुछ खास नहीं कर पाये। वहीं ऑलराउडर शार्दुल ढाकुर को केवल 11 ओवर ही गेंदबाजी दी गयी। इसके बाद भी कुलदीप की टीम में जगह नहीं बन पाना हैरानी की बात है। वहीं इंग्लैंड के बल्लेबाजों का रिकार्ड देखा जाये तो कलाई के स्पिनरों के सामने वे सहज नहीं रहते उसके बाद भी कुलदीप को अब तक इस सीरीज में बहार रखा गया है।



# अमेरिका ने भारत पर व्यापार समझौते में तुरंत शुल्क हटाने का दबाव बढ़ाया

**- 1 अगस्त से पहले व्यापार समझौते की डील पर संकट**

**नई दिल्ली ।**

भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने से पहले एक नई चुनौती सामने आ गई है। अमेरिका चाहता है कि भारत समझौते के लागू होते ही अधिकांश उत्पादों पर आयात शुल्क पूरी तरह समाप्त कर दे। जबकि भारत इस प्रक्रिया को चरणबद्ध तरीके से लागू करने के पक्ष में है। एक सरकारी अधिकारी के अनुसार, अमेरिका की मांग है कि अधिकांश वस्तुओं पर शून्य शुल्क तुरंत लागू हो, जबकि कुछ संवेदनशील उत्पादों पर यह 1-2 वर्षों में हटाया जा सकता है। परंपरागत रूप से भारत 'टैरिफ स्टेजिंग' के तहत शुल्क कम करने की नीति अपनाता आया है, जिसमें समयबद्ध तरीके से शुल्क घटाया जाता है। ब्रिटेन के साथ हाल में हुए मुक्त व्यापार समझौते में भारत ने 10 वर्षों में 90 फीसदी वस्तुओं पर शुल्क हटाने का समझौता किया, जिसमें से 64 फीसदी वस्तुएं समझौते के लागू होते ही शुल्क मुक्त हो गईं। यह मॉडल भारत को घरेलू उद्योगों की रक्षा का अवसर देता है। इस बीच, अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमीसन ग्रीर ने कहा कि भारत की नीति घरेलू बाजार को संरक्षित करने पर केंद्रित रही है, लेकिन अमेरिका चाहता है कि बाजार अधिक खुले। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि इस मुद्दे पर अभी और वार्ता की आवश्यकता है। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि यदि समझौता होता है, तो यह भारत के लिए रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होगा। हालांकि, उन्होंने चेतावनी दी कि भारत को अमेरिकी मांगों के आगे नहीं झुकना चाहिए और संतुलित समझौता करना चाहिए। समझौते को लेकर अंतिम समयसीमा 1 अगस्त तय की गई है, और ऐसे में यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि दोनों देश व्यापार समझौते पर सहमति बना पाते हैं या नहीं।

# तेलंगाना में ऐपल एयरपॉड संयंत्र बंद होने के बाद फिर शुरू

**- चीन पर निर्भरता घटाने की कोशिश**

**नई दिल्ली ।**

तेलंगाना के कोंगरा कलां में स्थित ऐपल इंक के एयरपॉड असेंबली संयंत्र ने जुलाई की शुरुआत में उत्पादन दोबारा शुरू कर दिया है। इस संयंत्र का संचालन फॉक्सकॉन की सहायक कंपनी फॉक्सकॉन इंटरकनेक्ट टेक्नॉलाजी कर रही है। जून के अंत में जापान से दुर्लभ खनिज मैग्नेट की आपूर्ति में आई रुकावट के चलते संयंत्र को दो सप्ताह के लिए बंद करना पड़ा था। यह खनिज वायरलेस ईयरबड यानी एयरपॉड्स में प्रमुख भूमिका निभाता है। ऐपल चीन पर निर्भरता घटाने के उद्देश्य से जापान से मैग्नेट की आपूर्ति करवा रही थी, लेकिन आपूर्ति संकट ने उत्पादन पर असर डाला। कंपनी अब उज्बेकिस्तान सहित अन्य स्रोतों से मैग्नेट मंगवाने पर विचार कर रही है ताकि भविष्य में इस तरह की रुकावटों से बचा जा सके। सूत्रों के अनुसार, यह संयंत्र फिलहाल केवल अमेरिका और यूरोप जैसे बाजारों के लिए निर्यात पर केंद्रित है। ऐपल ने सरकार को बताया है कि चीन की तुलना में भारत में उत्पादन लागत अधिक है, जिससे वैश्विक प्रतिस्पर्धा प्रभावित हो सकती है। इस संयंत्र में अब तक करीब 5,000 कर्मचारी कार्यरत हैं। फॉक्सकॉन ने इसमें 50 करोड़ डॉलर का निवेश किया है और



संयंत्र की पूर्ण क्षमता पर यह 15,000 से अधिक लोगों को रोजगार देगा। अप्रैल 2025 से यहां एयरपॉड्स की असेंबली शुरू हुई थी। ऐपल और फॉक्सकॉन ने इस मुद्दे पर कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं दी है।

## टीसीएस में कर्मचारियों की छंटनी से कंपनी में तनाव का माहौल

**- कंपनी पर टाटा के मूल्यों से हटने का आरोप**




**नई दिल्ली ।**

भारत की अग्रणी आईटी सेवा कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने अपने कुल कर्मचारियों के लगभग 2 प्रतिशत यानी 12,000 से अधिक लोगों की छंटनी कर दी है। यह खबर अधिकतर कर्मचारियों को किसी आधिकारिक सूचना के बजाय अखबारों के माध्यम से मिली, जिससे कंपनी के अंदर अचानक तनाव और अनिश्चितता का माहौल बन गया।

एक मध्य-स्तरीय कर्मचारी ने बताया कि छंटनी की जानकारी कंपनी के आंतरिक पोर्टल पर रविवार को अपडेट की गई थी, लेकिन अधिकांश लोगों ने उसे समय पर नहीं देखा। यह पहली बार है जब टीसीएस ने इतने बड़े स्तर पर औपचारिक रूप से छंटनी की है। इससे पहले 2012 में कंपनी ने लगभग 2,500 कर्मचारियों को निकाला था। टीसीएस को अब तक एक स्थिर और सुरक्षित नियोक्ता के रूप में देखा जाता रहा है, जिसने 2008 के वित्तीय संकट और कोविड-19 जैसी विपरीत परिस्थितियों में भी कर्मचारियों की छंटनी नहीं की थी।

कई कर्मचारियों का मानना है कि कंपनी अब टाटा समूह की पारंपरिक मान्यताओं और मूल्यों से हट रही है। कर्मचारियों ने यह भी बताया कि हाल ही में कंपनी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और अपस्किलिंग पर जोर दिया था, लेकिन अब छंटनी का यह कदम उन प्रयासों के विपरीत प्रतीत हो रहा है। इस घटनाक्रम ने पूरे आईटी सेक्टर में चिंता बढ़ा दी है कि अन्य कंपनियां भी इसी राह पर चल सकती हैं।

## सोने के भाव 97,650 रुपए, चांदी लगभग 1,13,250 रुपए



**नई दिल्ली ।**

घरेलू बाजार में सोने-चांदी के वायदा कारोबार की शुरुआत में मंगलवार को तेजी देखी जा रही है। मंगलवार के कारोबारी दिन दोनों के वायदा भाव तेजी के साथ खुले। सोने के भाव 97,650 रुपये, जबकि चांदी के भाव 1,13,250 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार सोने-चांदी के शुरुआती कारोबार में तेजी देखने को मिल रही है। सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अगस्त कॉन्ट्रेक्ट 82 रुपये की तेजी के साथ 97,627 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 97,545 रुपये था। फिलहाल यह 98 रुपये की तेजी के साथ 97,643 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क सितंबर कॉन्ट्रेक्ट 215 रुपये की तेजी के साथ 1,13,268 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 1,13,053 रुपये था। इस समय यह 198 रुपये की तेजी के साथ 1,13,251 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। कॉमेक्स पर सोना 3,313.40 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 3,310 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 2.30 डॉलर की तेजी के साथ 3,312.30 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने के वायदा भाव ने इस साल 3,509.90 डॉलर के भाव पर ऑल टाइम हाई छू लिया है। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 38.33 डॉलर के भाव पर खुले। पिछला बंद भाव 38.22 डॉलर था।

इस समय यह 0.05 डॉलर की तेजी के साथ 38.27 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

# ब्रिटेन को भारत का चमड़ा और जूता निर्यात तीन साल में होगा 1 अरब डॉलरः पीयूष गोयल

**- देश भर के प्रमुख निर्माण केंद्रों को लाभ होगा**

**नई दिल्ली ।**

भारत और यूनाइटेड किंगडम (यूके) के बीच हुए व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते (सीईटीए) से भारत के चमड़ा और जूता उद्योग को बड़ा प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने जानकारी दी कि 2024 में 49.4 करोड़ डॉलर रहा यह निर्यात तीन वर्षों में दोगुना होकर 1 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। केंद्रीय मंत्री ने नई दिल्ली में निर्यातकों के साथ बैठक में बताया कि यह समझौता सीमा शुल्क प्रक्रियाओं को सरल बनाता है, तकनीकी मानकों को संरेखित करता है और भारतीय भौगोलिक संकेत (जीआई) उत्पादों जैसे कोल्हापुरी चप्पल और मोजरी की सुरक्षा सुनिश्चित करता है। इससे भारतीय उत्पादों को यूके के 8.7 अरब डॉलर के चमड़ा और फुटवियर बाजार में बेहतर दृश्यता मिलेगी। इस समझौते के तहत यूके ने भारतीय उत्पादों पर लगने वाले 2 से 11.9 फीसदी तक के आयात शुल्क समाप्त कर दिए हैं, जिससे भारत को बांग्लादेश, कंबोडिया और वियतनाम जैसे देशों के मुकाबले समान अवसर मिलेंगे। इससे देश भर के प्रमुख निर्माण केंद्रों को लाभ होगा। खासकर एमएसएमई, कारीगरों, महिला उद्यमियों और युवा-नेतृत्व वाले व्यवसायों में हजारों नए रोजगार सृजित होने की संभावना है। सरकार ने 1,700 करोड़ के भारतीय फुटवियर और चमड़ा विकास कार्यक्रम और केंद्रित उत्पाद योजना जैसी पहलें भी शुरू की हैं, जो टेक्नोलॉजी अपग्रेड, मेगा क्लस्टर और ब्रांडिंग को बढ़ावा देंगी। यह समझौता न केवल चमड़ा और जूता क्षेत्र, बल्कि तिरुपुर, जयपुर, सूरत, लुधियाना जैसे प्रमुख कपड़ा क्लस्टरों को भी नया जीवन देगा।

## नुवोको विस्टास ने बढ़ाई सीमेंट उत्पादन क्षमता

**- निवेशकों को मिल सकता है 10 फीसदी तक रिटर्न**

**नई दिल्ली ।**

भारत की प्रमुख सीमेंट कंपनियों में से एक नुवोको विस्टास कॉरपोरेशन लिमिटेड (एनवीसीएल) ने अपने कारोबार का तेजी से विस्तार करना शुरू कर दिया है। कंपनी अब भारत की पांचवीं सबसे बड़ी सीमेंट निर्माता बन चुकी है, जिसकी वार्षिक उत्पादन क्षमता 25 मिलियन टन है। कंपनी ने इसे 2027 तक 31 मिलियन टन तक ले जाने का लक्ष्य रखा है, जिससे पूर्वी, पश्चिमी और उत्तरी भारत में उसकी पकड़ और मजबूत होगी। एनवीसीएल केवल सीमेंट ही नहीं बनाती, बल्कि रेडी-मिक्स कंक्रीट और अन्य बिल्डिंग मटेरियल्स भी बनाती है, जिससे उसका व्यवसाय ज्यादा विविध और मजबूत बनता है। यह कंपनी निम्मा ग्रुप का हिस्सा है, जिसे देश में एक भरोसेमंद औद्योगिक समूह माना जाता है। कंपनी की बड़ी उपलब्धियों में हाल ही में हुआ वडराज सीमेंट का अधिग्रहण भी शामिल है। अप्रैल 2025 में एनसीएलटी से मंजूरी मिलने के बाद इस डील के तहत एनवीसलएल की क्लिंकर बनाने की क्षमता में 3.5 मिलियन टन और सीमेंट ग्राइंडिंग क्षमता में 6 मिलियन टन का इजाफा हुआ है। इससे एनवीसीएल की कुल पीसने की क्षमता अब 31 मिलियन टन प्रतिवर्ष हो गई है।



## 1 साल में गोल्ड लोन 2 गुना हुआ

**मुंबई ।** देश में गोल्ड लोन लेने वालों की संख्या और उसकी राशि लगभग डबल हो चुकी है। मई 2024 तक देश के कुल गोल्ड लोन का आंकड़ा 1.16 लाख करोड रुपए का था। जो मई 2025 में बढ़कर 2.51 लाख करोड़ हो चुका है। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने संसद में दिए गए एक लिखित जवाब में यह जानकारी दी है। मुथूट फाइनेंस के प्रबंध निदेशक का कहना है, जब महंगाई बढ़ती है। तब गोल्ड लोन लेने वालों की संख्या और राशि बढ़ जाती है। लोगों को अपने जरूरी खर्च के लिए गोल्ड गिरवी रखना पड़ता है। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री के अनुसार पिछले तीन सालों में विदेश जाकर पढ़ाई करने वालों का कर्ज़ 25.2 फ़ीसदी कम हो गया है। विदेश जाकर पढ़ने वाले छात्रों की संख्या लगातार घट रही है। इसका असर एजुकेशन लोन में देखने को मिल रहा है।

## इंडिया इंटरनेशनल ज्वेलरी शो से 68,000 करोड़ के कारोबार का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** जेम्स एंड ज्वेलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (जीजेईपीसी) ने 30 जुलाई से 4 अगस्त तक मुंबई में आयोजित होने वाले इंडिया इंटरनेशनल ज्वेलरी शो (आईआईजेएस) के माध्यम से 68,000 करोड़ रुपये का कारोबार करने का लक्ष्य तय किया है। परिषद के अनुसार यह अब तक का सबसे बड़ा आयोजन होगा, जिसमें 2,100 कंपनियां और 3,600 स्टॉल शामिल होंगे। शो में भारत के 1,300 शहरों और दुनिया के 80 देशों से 50,000 से अधिक आगंतुकों के पहुंचने की उम्मीद है। जीजेईपीसी खाड़ी देशों में 40,000 करोड़ के नए बाजार अवसरों को भुनाने की भी तैयारी कर रहा है।

## ई-कॉमर्स और 3पीएल कंपनियों से वेयरहाउसिंग सेक्टर में जोरदार उछाल

**गोदामों की मांग 63 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 2.7 करोड़ वर्ग फुट पहुंची**




**नई दिल्ली ।** भारत के आठ प्रमुख शहरों में 2025 की पहली छमाही में औद्योगिक स्थानों और गोदामों की मांग में जबरदस्त बढ़ोतरी देखी गई है। रियल एस्टेट सेवा प्रदाता सीबीआरई की रिपोर्ट के अनुसार इस अवधि में औद्योगिक और वेयरहाउसिंग क्षेत्र में लीजिंग (पट्टे पर लेना) 63 प्रतिशत बढ़कर 27.1 मिलियन वर्ग फुट तक पहुंच गई। इस वृद्धि का प्रमुख कारण ई-कॉमर्स और थर्ड पार्टी लॉजिस्टिक्स (3पीएल) कंपनियों की मजबूत मांग रही। जनवरी-जून 2025 के दौरान लीज पर दी गई कुल जगह में से 32 प्रतिशत हिस्सेदारी 3पीएल कंपनियों की रही, जबकि ई-कॉमर्स कंपनियों की हिस्सेदारी बढ़कर 25 प्रतिशत हो गई। सीबीआरई के एक अधिकारी ने कहा कि 3पीएल और ई-कॉमर्स कंपनियों का प्रभुत्व यह दर्शाता है कि तेजी से बदलती उपभोक्ता अपेक्षाएं और आपूर्ति श्रृंखला में तकनीकी अनुकूलन इस सेक्टर को नई दिशा दे रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक इसी अवधि में 1.67 करोड़ वर्ग फुट नई आपूर्ति दर्ज की गई, जिसमें बेंगलुरु, चेन्नई और मुंबई का कुल 57 प्रतिशत योगदान रहा। सीबीआरई को उम्मीद है कि 2025 की दूसरी छमाही में भी इसी तरह की मजबूत मांग बनी रहेगी। आने वाले समय में प्रीमियम, टिकाऊ और तकनीक-समर्थित वेयरहाउसिंग सुविधाओं की मांग और अधिक बढ़ने की संभावना है।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**सेंसेक्स 447 और निफ्टी 140 अंक अंक ऊपर आया**

**मुम्बई ।**




भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये उछाल दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 446.93 अंकों की तेजी के साथ ही 81,337.95 अंकों पर बंद हुआ। वहं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला एनएसई का निफ्टी 50 इंडेक्स भी 140.20 अंकों की बढ़त के साथ ही 24,821.10 अंकों पर बंद हुआ। वहीं गत दिवस बाजार गिरावट पर बंद हुआ था।

आज सेंसेक्स की 30 में से 20 कंपनियों के शेयर बढ़त पर बंद हुए जबकि 10 कंपनियों के शेयरों में गिरावट रही। इसी तरह निफ्टी की 50 में से 36 कंपनियों के शेयर बढ़कर बंद हुए। वहीं14 कंपनियों के शेयर नीचे आये। आज सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल एलएंडटी के शेयर सबसे ज्यादा 2.15 फीसदी बढ़कर बंद हुए जबकि टीसीएस के शेयरों में सबसे अधिक 0.72 फीसदी की गिरावट रही। सेंसेक्स में शामिल अन्य कंपनियों की बात करें तो आज रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर 2.07 फीसदी, एशियन पेंट्स 2.03 फीसदी, टाटा स्टील 1.69 फीसदी, टाटा मोटर्स 1.42 फीसदी, अडाणी पोर्ट्स 1.42 फीसदी, मारुति सुजुकी 1.28 फीसदी, भारती एयरटेल 1.05 फीसदी, सनफार्मा 0.93 फीसदी, बजाज फाइनेंस 0.75 फीसदी नीचे आये।

वहीं एक्सिस बैंक के शेयर 0.64 फीसदी, आईसीआईसीआई बैंक 0.58 फीसदी, आईटीसी 0.43 फीसदी, टाइटन 0.41 फीसदी और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर 0.08 फीसदी के नुकसान के साथ बंद हुए।

इससे पहले आज सुबह बाजार सपाट स्तर पर खुला। सेंसेक्स 38 अंक की गिरावट के साथ 80,842 और निफ्टी 2 अंक की मामूली कमजोरी के साथ 24,678 पर कारोबार कर रहा था। शुरुआती कारोबार में बाजार पर दबाव बनाने का आईटी शेयरों की ओर से किया जा रहा था, जिसके कारण निफ्टी आईटी इंडेक्स 0.33 फीसदी की गिरावट के साथ लाल निशान में था। वहीं लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप में तेजी देखी जा रही है। बाजार के जानकारों का कहना है कि स्टॉक मार्केट के लिए अभी अनुकूल परिस्थितियों की तुलना में प्रतिकूल परिस्थितियां ज्यादा हैं। बाजारों पर सबसे बड़ा दबाव यह है कि भारत और अमेरिका के बीच अपेक्षित व्यापार समझौता अभी तक नहीं हुआ है और 1 अगस्त की समयसीमा से पहले समझौते की संभावना कम होती जा रही है।

## पिरामल फार्मा को पहली तिमाही में 82 करोड़ का घाटा

**- परिचालन आय में भी मामूली गिरावट**

**नई दिल्ली ।** पिरामल फार्मा लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में 82 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध घाटा दर्ज किया है। यह घाटा पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के 89 करोड़ रुपये के मुकाबले थोड़ा कम है। कंपनी की परिचालन आय भी घटकर 1,934 करोड़ रुपये रही, जो एक साल पहले इसी अवधि में 1,951 करोड़ रुपये थी। हालांकि कंपनी का कहना है कि तिमाही के दौरान कर पूर्व आय में सुधार देखा गया है और कुछ क्षेत्रों में मध्यम राजस्व वृद्धि भी दर्ज की गई है। पिरामल फार्मा की चेयरपर्सन नंदिनी पिरामल ने बताया कि कंपनी परिचालन दक्षता को मजबूत करने और लागत नियंत्रण पर ध्यान केंद्रित कर रही है। उन्होंने भरोसा जताया कि आगामी तिमाहियों में प्रदर्शन में और सुधार होगा। ताजा आंकड़े कंपनी के घाटे में आंशिक कमी और परिचालन स्तर पर स्थिरता की ओर संकेत करते हैं।

# सरकारी बैंकों ने नए डिजिटल क्रेडिट असेसमेंट मॉडल से मंजूर किए 98,995 एमएसएमई लोन

**- नए डिजिटल मॉडल से एमएसएमई क्षेत्र को कई लाभ मिले**

**नई दिल्ली।**

सरकार ने संसद को बताया कि इस वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल से 15 जुलाई तक सरकारी बैंकों ने नए डिजिटल क्रेडिट असेसमेंट मॉडल के तहत 98,995 एमएसएमई लोन आवेदनों को मंजूरी दी है। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने लोकसभा में लिखित जवाब में बताया कि इस नए मॉडल के कारण लोन निर्णय लेने में अधिकतम एक दिन का समय लगता है, जो पारंपरिक मैनुअल प्रक्रिया की तुलना में काफी तेज है। नए डिजिटल मॉडल से एमएसएमई क्षेत्र को कई लाभ मिले हैं। आवेदनकर्ता कहीं से भी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, जिससे कागजी कार्रवाई और शाखा का दौरा कम हो गया है। डिजिटल प्रणाली के जरिए लोन प्रस्तावों को बिना रुकावट प्रोसेस किया जाता है और त्वरित सैद्धांतिक स्वीकृति मिलती है। साथ ही, निर्णय डेटा एवं लेनदेन व्यवहार और क्रेडिट इतिहास के आधार पर लिया जाता है, जिससे धोखाधड़ी की संभावना घटती है और निर्णय अधिक पारदर्शी होता है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि यह मॉडल सिस्टम-जनरेटेड क्रेडिट लॉजिक और स्कोरकार्ड का उपयोग करता है, जो लोन पात्रता का तेज, सटीक और लक्षित मूल्यांकन सुनिश्चित करता है। इसके तहत बैंकों को बाहरी मूल्यांकन पर निर्भर रहने के बजाय अपनी आंतरिक क्षमता विकसित करने की प्रेरणा मिली है। यह नया डिजिटल क्रेडिट असेसमेंट मॉडल केंद्रीय बजट 2024-25 में पेश किया गया था। हालांकि, इस मॉडल से बैंकों के एमएसएमई लोन के बुनियादी पात्रता मानदंडों में कोई बड़ा बदलाव नहीं आया है। सरकार का उद्देश्य एमएसएमई सेक्टर को आसान, तेज और भरोसेमंद वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना है। यह कदम एमएसएमई क्षेत्र की वृद्धि और विकास में सहायक होगा, जिससे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

## दुर्लभ खनिजों पर चीन की पकड़ से वैश्विक आपूर्ति संकट

**नई दिल्ली ।** चीन द्वारा दुर्लभ खनिज तत्वों और उनसे बने स्थायी मैग्नेट के निर्यात पर नियंत्रण ने वैश्विक तकनीकी और वाहन उद्योग को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। चीन वर्तमान में वैश्विक दुर्लभ खनिजों की आपूर्ति का लगभग 70 फीसदी और दुर्लभ खनिज मैग्नेट का 90 फीसदी उत्पादन करता है। अमेरिका के साथ व्यापार युद्ध के बीच चीन ने इन खनिजों को रणनीतिक हथियार की तरह इस्तेमाल करना शुरू किया, जिससे इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी), स्मार्टफोन, चिकित्सा उपकरण, पवन टर्बाइन, सेमीकंडक्टर और रक्षा उद्योगों पर असर पड़ा। अगर अमेरिका-चीन व्यापार युद्धविराम आगे नहीं बढ़ता है, तो आने वाले महीनों में वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं में और अधिक बाधाएं आ सकती हैं। इन हालातों को देखते हुए भारत ने दुर्लभ खनिज मैग्नेट के घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खनिज आपूर्तिकर्ताओं की तलाश शुरू कर दी है। अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों में ऐसे संसाधनों की पहचान की जा रही है। हालांकि केवल संसाधनों की खोज काफी नहीं है। खनन, प्रसंस्करण और धातु निर्माण की पूरी प्रक्रिया तकनीकी और पर्यावरणीय दृष्टि से बेहद जटिल है। चीन ने दशकों की रणनीति, सरकारी निवेश, तकनीकी शोध, कम श्रम लागत और नरम पर्यावरण मानकों के चलते यह दबदबा हासिल किया है।

## डीपीआईआईटी ने एथर एनर्जी के साथ किया ईवी स्टार्टअप के लिए एमओयू


**नई दिल्ली ।** उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता कंपनी एथर एनर्जी के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इसका उद्देश्य इलेक्ट्रिक वाहन और विनिर्माण क्षेत्र में स्टार्टअप्स के लिए नए अवसर प्रदान करना है। यह एमओयू डीप-टेक स्टार्टअप को रणनीतिक मार्गदर्शन और ईवी मूल्य श्रृंखला में बुनियादी ढांचा समर्थन उपलब्ध कराएगा। डीपीआईआईटी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इस साझेदारी से ऐसे वातावरण का निर्माण होगा जहाँ स्टार्टअप्स इलेक्ट्रिक वाहन निर्माण, बैटरी नवाचार और स्वच्छ ऊर्जा समाधानों में महत्वपूर्ण योगदान दे सकेंगे। यह पहल भारत में ईवी उद्योग को मजबूत करने और नवाचार को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे स्वच्छ और टिकाऊ ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा मिलेगा।



# मेलबर्न फिल्म फेस्टिवल में तिरंगा फहराएंगे आमिर खान, 'बदनाम बस्ती' की होगी स्क्रीनिंग

आमिर खान अगस्त में आयोजित 16वें द इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस फिल्म फेस्टिवल में वह तिरंगा भी फहराएंगे। उनकी हालिया रिलीज फिल्म सितारे जमीन पर की स्पेशल स्क्रीनिंग भी निर्धारित है। फेस्टिवल डायरेक्टर मितु भौमिक लांगे ने बताया, फिल्म फेस्टिवल में राष्ट्रीय ध्वज फहराना केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि एक भावनात्मक और एकजुट करने वाला अनुभव है। विदेशी धरती पर तिरंगा लहराते देखना भारतीय और ऑस्ट्रेलियाई समुदाय के बीच गर्व का क्षण है। आमिर खान के सिनेमाई नजरिए ने विश्व स्तर पर दर्शकों को प्रभावित किया, इस पल का नेतृत्व करेंगे, जो हमारे लिए सम्मान की बात है।

उन्होंने कहा कि आमिर की मौजूदगी भारतीय कहानियों की ताकत और आईआईएफएम के मूल्यों, समानता और विविधता में एकता को दिखाती है। इस फिल्म फेस्टिवल में उनकी हालिया रिलीज फिल्म सितारे जमीन पर की स्पेशल स्क्रीनिंग भी निर्धारित है। फेस्टिवल के 16वें संस्करण में आमिर खान के भारतीय सिनेमा में योगदान को एक स्पेशल सेक्शन के जरिए सम्मानित किया जाएगा। इस सेग्मेंट में चुनिंदा फिल्मों का प्रदर्शन होगा, जिसमें उनकी फिल्म सितारे जमीन पर भी शामिल है। विक्टोरिया सरकार द्वारा समर्थित आईआईएफएम, भारत के बाहर सबसे बड़ा भारतीय फिल्म फेस्टिवल है, जो विविध और प्रभावशाली भारतीय कहानियों को प्रदर्शित करता है। इस बार महोत्सव में 75 फिल्में दिखाई जाएंगी, जो जेंडर, नस्ल, दिव्यांगता और महिला प्रतिनिधित्व जैसे विषयों पर बनी हैं। फिल्म फेस्टिवल में निर्माता प्रेम कपूर की 1971 की फिल्म 'बदनाम बस्ती' का रीस्टोर्ड वर्जन की स्क्रीनिंग होगी। इसे भारत की पहली समलैंगिक फिल्म माना जाता है, जो अपने समय से आगे की कहानी प्रस्तुत करती है। यह फिल्म एलजीबीटीक्यू प्लस प्राइड नाइट के दौरान 22 अगस्त को दिखाई जाएगी, जो क्वीर सिनेमा और दक्षिण एशियाई क्वीर पहचान को समर्पित आयोजन होगा। फिल्म फेस्टिवल की शुरुआत अभिनेत्री तिलोत्तमा शोम की बंगाली फिल्म 'बक्शो बोंदी – शैडोबॉक्स' से होगी। तनुश्री दास और सौम्यानंद साही के निर्देशन में बनी इस फिल्म का वर्ल्ड प्रीमियर बर्लिन फिल्म फेस्टिवल 2025 में हुआ था।



# वॉर 2 में क्यों नहीं हैं वाणी कपूर? मेकर्स के सामने रखी थी ये शर्त!



वॉर 2 का ट्रेलर रिलीज के ठीक पहले वाणी कपूर ने खुलासा किया है कि सीक्वल का हिस्सा क्यों नहीं हैं। वॉर 2 में ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर के अलावा कियारा आडवाणी हैं। वाणी कपूर साल 2019 में आई ऋत्त्न की फिल्म वॉर का हिस्सा थीं, जिसमें ऋतिक रोशन और टाइगर श्रॉफ भी थे, पर वह वॉर 2 में नजर नहीं आएंगी। वॉर 2 का ट्रेलर 25 जुलाई को रिलीज है, और इससे ठीक पहले ही वाणी ने खुलासा किया है कि वह इस फिल्म का हिस्सा क्यों नहीं हैं। मालूम हो कि वॉर में वाणी ने नैना का रोल प्ले किया था और वह टाइगर श्रॉफ के ऑपोजिट थीं। अब वॉर 2 में ऋतिक रोशन, जूनियर एनटीआर और कियारा आडवाणी हैं।

वाणी कपूर इस वक्त अपनी सीरीज मंडला मर्डर्स को लेकर चर्चा में हैं, जो 25 जुलाई को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इसे यशराज फिल्म्स ने ही बनाया है। इसके प्रमोशन के दौरान वाणी कपूर ने सिद्धार्थ कनन को दिए इंटरव्यू में वॉर 2 के बारे में बात की।

## वाणी कपूर ने बताया वह क्यों नहीं हैं वॉर 2 का हिस्सा

वाणी कपूर से जब पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि उन्हें वॉर 2 का हिस्सा होना चाहिए था, तो वह बोलीं, नहीं, मैं टीम को शुभकामनाएं देती हूं। मैं बहुत आभारी हूं कि मुझे कम से कम वॉर जैसी फिल्म का हिस्सा बनने का मौका मिला। वॉर 2 खूबसूरत लग रही है। यह लार्जर देन लाइफ फिल्म है। पूरी टीम को बधाई।


## अगर टाइगर वापस आता है तो...

वाणी ने आगे कहा, मैं, सिड (सिद्धार्थ आनंद) और टाइगर सीक्वल (वॉर 2) का हिस्सा नहीं हैं। वॉर में मैं और टाइगर दोनों ही मर गए थे। तो मैंने कहा कि अगर टाइगर वापस आता है तो मैं भी आऊंगी।

वॉर साल 2019 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक थी। फिल्म के जबरदस्त एक्शन सीन्स की खूब तारीफ हुई थी। सैक्निल्क के मुताबिक, इसने देशभर में 318.01 करोड़ और वर्ल्डवाइड 471 करोड़ का कलेक्शन किया था। वॉर 2 से भी कुछ ऐसी ही उम्मीदें हैं।

## क्या वॉर 2 में चलेगा ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर का जादू?

फिल्म वॉर 2 के जरिए पहली बार ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर किसी फिल्म में साथ नजर आएंगे, जिसे लेकर फैंस काफी एक्साइटेड हैं। वॉर 2 में डायरेक्शन की कमान सिद्धार्थ आनंद की जगह अयान मुखर्जी के हाथों में है। यह फिल्म 14 अगस्त को हिंदी के अलावा तमिल और तेलुगू भाषा में भी रिलीज होगी। फिल्में आशुतोष राणा भी अहम रोल में हैं।




# क्योंकि 2.... में मिहिर के रूप में वापसी कर रहे हैं अमर उपाध्याय

भारतीय टेलीविजन के लोकप्रिय शो में से एक की शानदार वापसी हो रही है। क्योंकि सास भी कभी बहू थी अपने बहुप्रतीक्षित दूसरे सीज़न के साथ वापस आ गया है और इसके साथ ही एक ऐसे किरदार का पुनर्जन्म भी हुआ है, जो कभी प्राइम-टाइम टीवी की पहचान हुआ करता था। मिहिर विरानी के रूप में लाखों लोगों के चहेते अमर उपाध्याय, अपनी इस शानदार भूमिका को फिर से निभाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जिससे दर्शकों की पीढ़ियों में उत्साह की लहर दौड़ जाएगी। इस 29 जुलाई से रात 10:30 बजे स्टार प्लस पर प्रीमियर होने वाला यह शो पुरानी यादों, ड्रामा और घर वापसी के ज़बरदस्त एहसास का वादा करता है। स्टार प्लस द्वारा हाल ही में जारी एक रील में, अमर उपाध्याय खुद उस भावुक और रोमांचक पल को साझा करते हैं, जब उन्हें सीज़न 2 के लिए संपर्क किया गया था। खुलकर बात करते हुए, वह उस कॉल को याद करते हैं जिसने उन्हें क्योंकि की विरासत की याद दिला दी। उन्होंने कहा, हम क्योंकि सीज़न 2 की शूटिंग कर रहे हैं। अपनी तारीखें तय कर लीजिए, और अमर के लिए इसमें कोई झिझक नहीं थी। हाँ, बिल्कुल, मैं तैयार हूँ! वह मुस्कुराते हुए कहते हैं, जो इस शो और इसके दर्शकों के लिए उनके गहरे प्यार और जुड़ाव को दर्शाता है। यह रील न केवल अमर के शब्दों से, बल्कि उस शो को वापस लाने के महत्व से भी पुरानी यादें ताज़ा करती है जिसने कभी भारतीय टीवी की तस्वीर ही बदल दी थी। तुलसी और मिहिर, जो किरदार घर-घर में मशहूर हो गए थे, के बीच की केमिस्ट्री कुछ ऐसी है जिसे प्रशंसक लंबे समय से मिस कर रहे थे और अब, शो की वापसी के साथ, उत्साह साफ़ दिखाई दे रहा है।

अमर ने अपने सह-कलाकारों, खासकर स्मृति ईरानी, जिन्होंने तुलसी का प्रतिष्ठित किरदार निभाया था, के साथ अपने खूबसूरत रिश्ते का भी ज़िक्र किया। दोनों किरदारों के बीच एक सहजता और समझ है, जो पर्दे पर सहजता से झलकती है। उन्होंने आगे कहा कि कलाकारों के साथ सेट पर वापस आना काम से ज़्यादा परिवार से मिलने जैसा लगता है। गर्मजोशी, विश्वास और साझा यादें शूटिंग के हर दिन को खास बनाती हैं, और उसी जादू को जीवंत करती हैं जिसने कभी लाखों लोगों के दिलों पर कब्ज़ा किया था। वीडियो को एक भावपूर्ण निमंत्रण के साथ समाप्त करते हुए, अमर दर्शकों से आग्रह करते हैं, 29 जुलाई को रात 10:30 बजे हमें ज़रूर देखें। और इसके साथ ही, टेलीविजन के सबसे प्रतिष्ठित कमबैक्स में से एक की उल्टी गिनती आधिकारिक तौर पर शुरू हो जाती है। भारतीय टेलीविजन इतिहास के सबसे यादगार चेहरों में से एक, मिहिर के रूप में अमर उपाध्याय की वापसी महज एक कास्टिंग निर्णय से कहीं अधिक है; यह विरासत का उत्सव है!

# कब आएगी 'एनिमल 2' बॉबी देओल ने दिया जवाब



बॉलीवुड अभिनेता बॉबी देओल शानदार अभिनय के लिए जाने जाते हैं। एक्टर की फिल्म एनिमल को दर्शकों द्वारा काफी पसंद किया गया था और उनकी एक्टिंग को भी खूब सराहना मिली थी। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें बॉबी देओल ब्लैक टीशर्ट और सिर पर कैप लगाए दिख रहे हैं। अभिनेता को फैंस का अभिवादन स्वीकार करते देखा जा सकता है। इसी दौरान किसी पैप्स ने एक्टर से पूछा कि एनिमल 2 कब आ रही है? इसके जवाब में अभिनेता ने कहा कि उन्हें नहीं पता कब आ रही है। फिर पैप्स ने कहा कि वो इस फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। अंत में बॉबी अपनी कार में बैठकर वहां से चले जाते हैं। इस वीडियो के वायरल होते ही नेटिजंस की प्रतिक्रियाएं आने लगी हैं। एक यूजर ने लिखा कि एनिमल 2 शानदार होगी। दूसरे यूजर ने कहा कि एनिमल मूवी जल्द रिलीज होने वाली है। इसके अलावा अन्य यूजर्स बॉबी देओल के लुक को पंसद कर रहे हैं और लाल दिल वाला इमोजी बनाकर कमेंट्स कर रहे हैं।

# साउथ की फिल्मों के सेट पर अनुशासन देखने को मिलता है



अभिनेत्री पायल घोष ने साउथ इंडस्ट्री और बॉलीवुड की तुलना करते हुए अपनी बातें रखी। उन्होंने बताया कि बॉलीवुड की तुलना में साउथ इंडस्ट्री में प्रोफेशनल तरीके के साथ काम किया जाता है। अभिनेत्री ने कहा, मैंने साउथ और बॉलीवुड दोनों इंडस्ट्री में काम किया है और दोनों में मेरा काम करने का अनुभव काफी अच्छा रहा, जिसके लिए मैं बहुत आभारी हूं। अभिनेत्री ने बताया कि उन्हें साउथ इंडस्ट्री बॉलीवुड के मुकाबले थोड़ा ज्यादा प्रोफेशनल लगता है। साउथ इंडस्ट्री में लोगों को पता रहता है कि उन्हें क्या करना है और कमाल की बात यह है, जब वहां की फिल्में शूट होती है, तो उस दौरान सभी का व्यवहार एक दूसरे को लेकर समान देखने को मिलता है, चाहे वह मुख्य कलाकार हो या फिर कोई क्रू। उन्होंने आगे कहा कि दक्षिण की फिल्मों के सेट पर अनुशासन होता है, लेकिन बॉलीवुड में अपने हिसाब से काम करने में विश्वास रखा जाता है। दोनों इंडस्ट्री के बीच अंतर बताते हुए अभिनेत्री ने कहा,साउथ में सीन ज्यादा होते हैं। वह फिल्म की स्टोरी बोर्ड में जो तैयार करते हैं, उसे ही फॉलो करते हैं और इतना ही नहीं, वह प्रोडक्शन और पोस्ट प्रोडक्शन पर भी उसी प्रक्रिया को लागू करते हैं। दूसरी ओर, बॉलीवुड में कई बार जो योजना बनाई जाती है और जो लागू होता है, उन दोनों में जमीन आसमान का फर्क होता है। कई बार शॉट्स ले लिए जाते हैं और उन्हें एडिटर के लिए छोड़ दिया जाता है, और रवैया यह होता है कि एडिट में देख लेंगे। पायल ने अंत में बताया कि दोनों इंडस्ट्री के सकारात्मक और नकारात्मक पहलू हैं।



# मन्नारा चोपड़ा ने खुद को किया मोटिवेट, बोलीं - अब मुझे आगे बढ़ना है

अभिनेत्री मन्नारा चोपड़ा अपने पिता रमन रॉय के निधन से धीरे-धीरे उबर रही हैं। अभिनेत्री ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर तस्वीर शेयर करते हुए कहा कि कई दिनों के बाद तैयार होने के लिए कुछ पल निकाले। अभिनेत्री मन्नारा चोपड़ा ने इंस्टाग्राम स्टोरीज सेक्शन पर दो सेल्फी शेयर की। पहली तस्वीर शेयर कर मन्नारा ने लिखा, कई दिनों के बाद कुछ पल निकाले... मां कहती थी... मुझे फ्रेश दिखना चाहिए, जिसके लिए मैं अब तैयार हो रही हूं। दूसरी तस्वीर शेयर कर अभिनेत्री ने लिखा, मैंने आज गाड़ी चलाई, क्योंकि गाड़ी चलाना मुझे याद दिलाता है कि मुझे अभी जिंदगी में आगे बढ़ना है।

बता दें, अभिनेत्री के पिता रमन राय हांडा का निधन 16 जून को 72 वर्ष की आयु में हो गया था। मन्नारा के पिता पेशे से दिल्ली हाई कोर्ट में वकील थे। अपने पिता के निधन की जानकारी अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम के जरिए दी थी। उन्होंने एक फोटो के साथ ओम नमः शिवाय से शुरुआत करते हुए लिखा, गहरे दुख और शोक के साथ हम आपको सूचित करते हैं कि हमारे पिता का निधन हो गया। वे हमारे परिवार की ताकत और सहारा थे। मन्नारा के पिता रमन, पिछले कुछ समय से बीमार थे। वह परिवार के साथ मुंबई में ही रहते थे। अभिनेत्री की मां और प्रियंका चोपड़ा की बुआ, कामिनी चोपड़ा हांडा, एक ज्वेलरी डिजाइनर हैं। वर्कफ्रंट की बात करें, तो अभिनेत्री ने अपने करियर की शुरुआत फिल्म जिद से की थी। साउथ की फिल्मों में मन्नारा बड़ी एक्ट्रेस के तौर पर जानी जाती हैं। अभिनेत्री बिग बॉस 17 में दूसरी रन-अप रही थीं, जिसके बाद उनकी लोकप्रियता और बढ़ गई थी। हाल ही में अभिनेत्री को कॉमेडी रिएलिटी शो लाफ्टर शेफ्स फन अनलिमिटेड-2 में देखा गया था। शो में उनके साथ कृष्णा अभिषेक, राहुल वैद्य, करण कुंद्रा, निया शर्मा, रीम शेख, सुदेश लहरी, एल्विश यादव, रुबीना दिलैक, अली गोनी और कश्मीरा शाह भी प्रतियोगी हैं। इस शो की मेजबानी भारती सिंह और जज हरपाल सिंह सोखी कर रहे हैं।

## अर्जुन कपूर ने की क्रिप्टिक पोस्ट, लिखा- जिंदगी में मौजूद लोगों...




अर्जुन कपूर की एक्टिंग जर्नी के साथ-साथ पर्सनल लाइफ भी काफी चर्चा में रही है। मलाइका अरोड़ा के साथ ब्रेकअप के बाद वह खुद को सिंगल बता चुके हैं। छह साल रिलेशनशिप में रहने के बाद वह मलाइका से अलग हो गए थे। हाल ही में अर्जुन कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पेज के स्टोरी सेक्शन में एक पोस्ट साझा की। जिसमें रिश्तों को लेकर एक क्रिप्टिक पोस्ट की है।

अर्जुन कपूर अपनी पोस्ट में लिखते हैं, 'जिंदगी में मौजूद लोगों के बारे में आपका दिल जो कहता है, उस बात को जरूर सुनें।' इस क्रिप्टिक पोस्ट के जरिए अर्जुन कपूर किसकी तरफ इशारा कर रहे हैं, यह साफ नहीं हुआ। लेकिन इतना जरूर है कि वह रिश्तों को लेकर अलर्ट रहने की बात कर रहे हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादक: जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in